इस पूरे विवाद की जड़ 1816 में एंग्लो-नेपाली युद्ध के बाद ईस्ट इंडिया कंपनी (ब्रिटेन) और नेपाल के राजा के बीच हुई 'सुगौली संधि' में है। इस संधि के तहत महाकाली नदी को दोनों देशों की सीमा माना गया। लेकिन ब्रिटेन ने जानबूझकर नदी के उद्गम स्थल (ह्ब्द्वद्दठ्ठ) को पूरी तरह स्पष्ट नहीं किया। यही अस्पष्टता आज भारत के लिए सिरदर्द बन चुकी है।

2. कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा का त्रिकोण:

ये तीनों क्षेत्र रणनीतिक रूप से भारत के लिए रीढ़ की हड्डी जैसे हैं, क्योंकि यहीं से चीन सीमा पर नजर रखी जा सकती है। भारत इन्हें उत्तराखंड का हिस्सा मानता है और 1962 के युद्ध के बाद से यहाँ भारतीय सेना तैनात है। लेकिन नेपाल का दावा है कि महाकाली नदी का उद्गम लिम्पियाधुरा से होता है, इसलिए यह पूरी जमीन उसकी है।

3. 2020 का 'नक्शा युद्ध'

यह विवाद तब और खतरनाक हो गया जब 2020 में तत्कालीन पीएम के.पी. शर्मा ओली के कार्यकाल में नेपाल ने एकतरफा नया राजनीतिक नक्शा पास कर भारत के कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को अपने क्षेत्र में दिखा दिया। इसके बाद से दोनों देशों के रिश्ते ठंडे बस्ते में चले गए।

बड़ा सवाल: पर्दे के पीछे चीन या ब्रिटेन?

रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि बालेन शाह का यह बयान अकारण नहीं है। नेपाल की कम्युनिस्ट लॉबी और युवा राजनेताओं को भारत के खिलाफ भड़काने में चीन का सीधा हाथ माना जाता है। चीन 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' नीति के तहत भारत को हर तरफ से घेरना चाहता है। नेपाल को अरबों डॉलर का कर्ज देकर और बुनियादी ढांचे के नाम पर बीजिंग उसे भारत के खिलाफ फ्रंटलाइन स्टेट बना रहा है। वहीं, कूटनीतिक जानकारों का यह भी कहना है कि ब्रिटेन के जमाने के अधूरे और विवादित नक्शों का इस्तेमाल आज भी भारत को अस्थिर करने के लिए एक 'अंतरराष्ट्रीय टूल' की तरह किया जा रहा है।

भारत के लिए क्यों बेहद घातक है यह स्थिति?

नेपाल के साथ भारत की 1,751 किलोमीटर से अधिक लंबी खुली सीमा (ह्श्वद्दठ्ठ **पत्रिका** श्वह्म्स्रद्गह्) है। यदि नेपाल के साथ सीमा विवाद हिंसक या अत्यधिक आक्रामक मोड़ लेता है, तो भारत के लिए अपनी उत्तर-पूर्वी सीमाओं की रक्षा करना बेहद जटिल हो जाएगा। खुली सीमा का फायदा उठाकर चीनी जासूस, आतंकी और तस्कर आसानी से भारत में घुसपैठ कर सकते हैं।

मेट्रो व्यू: अब दिल्ली को दिखानी होगी 'सख्त कूटनीति'

पीएम बालेन के इस बयान ने यह साफ कर दिया है कि नेपाल में भारत-विरोधी भावनाएं भड़काने की साजिशें चरम पर हैं। भारत अब इसे सिर्फ एक 'बड़बोलापन' मानकर नजरअंदाज नहीं कर सकता। अगर समय रहते काठमांडू को कूटनीतिक भाषा में कड़ा जवाब नहीं दिया गया, तो हिमालय की गोद से उठने वाली यह चिंगारी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए एक बड़ा दावानल (जंगल की आग) बन सकती है। दिल्ली को अब 'सॉफ्ट कूटनीति' छोड़कर सीमाओं पर 'हार्ड पॉवर' और सख्त रुख अख्तियार करना ही होगा।

संपादकीय

जन के हित के हेत

भले ही हिंदी पत्रकारिता गफलत में अपनी पहली शताब्दी न मना सकी हो, लेकिन वह द्विशताब्दी के मौके पर खासी उत्साहित है। वह आत्ममंथन के दौर से गुजर रही है। आज से दो सौ साल पहले उत्तर भारत से जाकर तत्कालीन कलकत्ता को कर्मभूमि बनाने वाले पं. युगल किशोर शुक्ल ने 'उदन्त मार्तण्ड' के रूप में हिंदी पत्रकारिता का बीजारोपण किया था। भले ही वह पत्र आर्थिक झंझावातों से अधिक समय तक न चल सका, लेकिन अपनी 'आदि प्रतिज्ञा' से वह जो पत्रकारिता का लक्ष्य तय कर गया, वह आज भी उतना ही जरूरी व प्रासंगिक है। 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रवेशांक में पं. शुक्ल ने लिखा था कि इस समाचार पत्र का प्रकाशन- 'हिंदुस्तानियों के हित के हेत' .. किया जा रहा है। निस्संदेह, ध्येय वाक्य के गहरे निहितार्थ थे और आज भी हैं। सही मायने में पत्र ने दो सदी पहले पत्रकारों को उनका 'कर्मपथ' बता दिया था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि जबकि यह हिंदी भाषा का समाचार पत्र था, लेकिन उसकी फिक्र केवल हिंदी भाषियों की ही नहीं थी। उसकी 'आदि प्रतिज्ञा' समस्त हिंदुस्तानी समाज के हित को लेकर थी। पत्र का नाम 'उदन्त मार्तण्ड' यानी उगता सूरज था। बाकायदा समाचार पत्र के नाम के साथ संस्कृत में लिखा होता था कि जैसे सूरज के प्रकाश के बिना अंधेरा दूर नहीं होता, उसी तरह अज्ञ जन समाचार पत्र के बिना ज्ञानवान नहीं बन सकते। यह भी कि ज्ञान के प्रकाश को फैलाने के मकसद से इस समाचार पत्र का प्रकाशन किया जा रहा है। निश्चय ही उदन्त मार्तंड की 'आदि प्रतिज्ञा और धेय' में सभी भाषाओं की पत्रकारिता का लक्ष्य आज भी यही है। निश्चय ही यह पत्रकारिता बिरादरी को आईना दिखाता है कि हमारी पत्रकारिता हर हिंदुस्तानी के हित के हेत है? क्या हम हम समाज में अज्ञ को ज्ञानवान बनाने का काम कर रहे हैं? क्या हमारे शब्द उतने ही अर्थवान व सारवान हैं, जितना इस पेशे से अपेक्षित है। निश्चय ही यह अवसर पत्रकारिता बिरादरी को आत्ममंथन का मौका देता है।हिंदी पत्रकारिता के प्रतीक पुरुष स्व. प्रभाष जोशी ने एक बार पत्रकारिता के छात्रों से बातचीत करते हुए कहा था कि पत्रकारिता 'ऋषिकर्म' है। जिसमें घर फूंक तमाशा देखने का जज्बा हो, वही पत्रकारिता में आए। पैसे कमाने के लिये तमाम पेशे हैं। साथ ही यह भी कि किसी डेढ़ पेज की प्रेस विज्ञप्ति में यदि कोई डेढ़ लाइन की खबर निकाल सके, तो वही असली पत्रकार है। बाकी सब विज्ञापन है। लेकिन विडंबना यह है कि आज विश्वविद्यालयों से निकलने वाले पत्रकारिता के छात्रों में बिरले ही ऐसे होते हैं, जो वेतन, पैकेज व पद के सम्मोहन से मुक्त होकर मिशनरी पत्रकारिता का जज्बा रखते हों। आज पत्रकारिता के नवसाक्षरों की बड़ी फौज पत्रकारिता के ग्लैमर व प्रसिद्धि के प्रलोभन में इस पेशे में आती है। उसे आजादी की लड़ाई में सर्वस्व अर्पित करने वाले 'स्वराज' अखबार का शायद ही भान हो, जिसके ढाई वर्ष के अल्पकाल में संपादकों को डेढ़ सौ साल की सजाएं हुई। लेकिन उसके बावजूद संपादक पद के लिये विज्ञापन देने पर जज्बे के पत्रकारों की लाइन लग जाती थी। निश्चित रूप से पत्रकारिता जीवन मूल्यों की शुचिता व सामाजिक दायित्वों का पेशा है। यह विशुद्ध कारोबार या व्यवसाय नहीं हो सकता है। विडंबना यह है कि तकनीकी क्रांति के बाद जब से बड़ी पूंजी की समाचारों के प्रकाशन में दखल बढ़ी है, तब से संपादक नामक संस्था क्षीण हुई है और पूंजीपति की दखल में वृद्धि हुई है। पिछली सदी में एक दिग्गज संपादक की वह टिप्पणी आज भी प्रासंगिक है कि 'भविष्य के अखबार रूप-रंग व प्रकाशन में तो आकर्षक होंगे, लेकिन उनमें पत्रकारिता की आत्मा न होगी।' निश्चय ही आज बाजार और राजनीति की दखल के चलते पत्रकारिता के समक्ष बड़ी चुनौती बनी है। वहीं नई पीढ़ी के कथित ऑनलाइन व डिजिटल सम्मोहन के चलते प्रिंट पत्रकारिता से छिटकना भी चिंता की बात है। कॉन्वेंट स्कूलों से निकलने वाले छात्र हिंदी भाषायी समाचार पत्रों से विमुख हुए हैं। उनका समाचार पत्रों से विमुख होना भारतीय परिवेश, संस्कृति व मातृभाषा से दूर होना भी है। ये संपादकों को सोचना होगा कि समाचार पत्रों से नई पीढ़ी का लगाव कैसे गहरा किया जाए।

साइकिल की सवारी में बेहतरी हमारी

गांव में स्थित स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से चलते थे। संस्था की ओर से सचल पुस्तकालय (मोबाइल लाइब्रेरी) संचालित किया जाता था। यह हमारे लिए अनोखा था। इसमें कार्यकर्ता की साइकिल में टंगे दो झोले होते थे, उनमें किताबें भरी होती थीं। गांवों की चौपालों पर किताबें फैला दी जाती थीं,और फिर गांव के बच्चे, वयस्क और बड़े किताबें उलटते पलटते थे, और पढ़ने के लिए किताबें ले जाते थे।

वैश्विक स्तर पर तेल के संकट को देखते हुए साइकिल की सवारी ही सबसे बेहतर है। यह न केवल हमें तेल संकट से बचाती है, बल्कि प्रदूषण से भी निजात दिलाती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी बेहतर है और दुर्घटनाओं से भी बचाती है। जून के पहले सप्ताह में विश्व साइकिल दिवस भी है। आज इस कॉलम में इस पर ही बात करना चाहूंगा, जिससे हम आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ सकें।अगर मैं बचपन को याद करूं तो उस समय मोटर साइकिल और कार बहुत कम थीं। अधिकांश लोग पैदल और बैलगाड़ी से चलते थे। कुछ लोगों के पास ही साइकिल हुआ करती थी। साइकिल दुकानों से किराये पर मिलती थीं। प्रति घंटे के हिसाब से किराया लिया जाता था।साइकिल दुकानों पर मरम्मत करवाने वालों की भीड़ लगी रहती थी। हमारे घर भी हरक्यूलिस साइकिल थी, यह पुरानी थी, जिसे मेरे पिताजी ने उनके किसी मित्र से खरीदा था। मैंने भी उसी साइकिल से चलाना सीखा।उस दौर में सड़कों पर साइकिलें दिखा करती थीं। किसान, अपना अनाज बाजार ले जाकर बेचते थे, पशुपालक घास का गट्टर ले जाते थे। दूध वाले, सब्जी वाले, लाते ले जाते थे, बेचते थे। दूरदराज के गांवों में शहर में रहने वाले शिक्षक भी साइकिल से स्कूल जाते थे।

सरकारी बसें चलती थीं, पर दिन में एक दो ही बार। वह भी बहुत लेट होती थीं। अगर कहीं जाना होता था, तो कई-कई घंटे बस के इंतजार में बैठना पड़ता था। बसों से आने-जाने वाले यात्रियों को देखकर कौतूहल होता था। गांवों में वैसी भी जीवन की गति धीमी होती है, ऐसे में कोई भी नया व्यक्ति बस से आता था तो उसकी चर्चा होती थी।साप्ताहिक बाजार, जो हमारे पास के कस्बे में शुक्रवार को लगता था, उस दिन सड़कों पर गठरियां लेकर चलने वाले लोगों को देखना अच्छा लगता था। रंग-बिरंगे कपड़ों में कतारबद्ध रैला चलता रहता था। बैलगाड़ियों की चूं चर्र... की आवाजें सुनाई पड़ती थीं। मेहमानी व रिश्तेदारी में लोग पैदल आया जाया करते थे। शादी-विवाह या बारातों में बैलगाड़ी का उपयोग किया जाता था। साइकिल व बैलगाड़ी, नदी या कुओं से पानी भरने के काम भी आती थीं।हमारे गांव में स्थित स्वयंसेवी संस्था के कार्यकर्ता साइकिल से चलते थे। संस्था की ओर से सचल पुस्तकालय (मोबाइल लाइब्रेरी) संचालित किया जाता था। यह हमारे लिए अनोखा था। इसमें कार्यकर्ता की साइकिल में टंगे दो झोले होते थे, उनमें किताबें भरी होती थीं। गांवों की चौपालों पर किताबें फैला दी जाती थीं, और फिर गांव के बच्चे, वयस्क और बड़े किताबें उलटते पलटते थे, और पढ़ने के लिए किताबें ले जाते थे। मेरे लिए भी किताबों की दुनिया यहीं खुली थी।दूध वाले, गांव से दूध एकत्र कर शहर ले जाते थे। वे घर-घर से दूध इकट्ठा करते थे, और फिर साइकिल से नजदीकी रेलवे स्टेशन जाते थे, वहां से ट्रेन से बड़े शहर दूध बेचने जाते थे। और शाम को वापस उसी ट्रेन से वापस आ जाते थे।स्कूली विद्यार्थी भी हाईस्कूल की कक्षाओं में पढ़ने के लिए साइकिल से जाते थे। साइकिल की दुकानें ज्यादा नहीं थीं, इसलिए घरों में ही साइकिल मरम्मत का सामान हुआ करता था। हवा भरने के लिए पंप, पिचिंस, पाना इत्यादि। अगर जब कभी साइकिल पंचर हो जाती थी, तो घर पर ही पंचर बना लेते थे। अक्सर हमें स्कूल जाते समय ही पता चलता था कि साइकिल पंचर है, तो जल्दी-जल्दी पंचर बनाते थे।आजकल सरकार स्कूली बच्चों के लिए निशुल्क साइकिल वितरण करती है। यह बहुत ही अच्छी योजना है। यह कई राज्यों में है। जब भी स्कूली बच्चों को साइकिल चलाते देखते हैं, तो एक अलग ही तरह का सुखद एहसास होता है। ऐसे दृश्य हमें रोमांचित करते हैं।विशेषकर, यह लड़कियों के लिए तो आजादी की प्रतीक है। उनके लिए आने-जाने के लिए यह बहुत ही सुविधाजनक है। 90 के दशक में साक्षरता अभियान के दौरान साइकिल से पढ़ने-पढ़ाने का सिलसिला काफी चल रहा था। शुक्रवार के दिन इसी संस्था की एक महिला डॉक्टर साइकिल से गांव आती थीं और एक ग्रामीण के आंगन में बैठकर गांव के लोगों की छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज करती थीं। इस कार्यक्रम का नाम जरूरी दवाई सुविधा रखा गया था। गांव में किसी महिला को साइकिल चलाते देखना कौतूहल जगाता था। क्योंकि एक तो लोग उस समय साइकिल ही कम चलाते थे, और महिलाएं तो बिलकुल भी साइकिल नहीं चलाती थीं।डाकिया और पेपर बांटने वाला तो रोज ही साइकिल से आते हैं, जिनका सभी को इंतजार रहता है। इनकी पहचान ही साइकिल से होती है। डाकिया, तो दूर-दराज के गांवों में साइकिल से आता जाता था। हमारे गांव में कस्बे से वही डाक लाता था। मुझे याद है, जब मैं गांव में था, डाकिया के साइकिल की घंटी से ही मैं समझ जाता था कि डाकिया आया है, कौतूहल से भर जाता था। अगर कोई पोस्टकार्ड आता था, तो बड़े जतन से कई दिनों तक रखते थे।लगातार तेल के दाम बढ़ते जा रहे हैं और तेल के भंडार खत्म होने की कगार पर हैं। अगर हम साइकिलों का उपयोग करें तो हमें मोटरवाहनों में प्रयोग होने वाला पेट्रोल व डीजल को आयात नहीं करना पड़ेगा या कम से कम करना पड़ेगा।

इससे हमें कुछ अर्थव्यवस्था में राहत महसूस होगी।अच्छी सेहत के लिए साइकिल चलाना जरूरी है। साइकिल चलाने वालों को अलग से शारीरिक कसरत की जरूरत नहीं होती, क्योंकि इससे मांसपेशियों की अच्छी कसरत हो जाती है। तनाव भी कम होता है। हमारी गति भी धीमी होगी, या नियंत्रित होगी, जिससे हमें सामान्य बने रहने में मदद मिलेगी।मोटरसाइकिल की अपेक्षा साइकिल काफी हल्की होती हैं, इसे बच्चे से लेकर बुजुर्ग भी चला सकते हैं। सड़क हादसों का जोखिम भी नहीं रहता। अगर साइकिल से गिर भी जाएं तो ज्यादा चोट नहीं आती। जबकि अन्य वाहनों से सड़क हादसे गंभीर होते हैं।साइकिल के लिए पार्किंग की समस्या नहीं है। न तो खड़ी करने के लिए और न ही सड़क पर चलाने के लिए इसे ज्यादा जगह चाहिए। इसे घर में रखा जा सकता है। जबकि कारों के लिए सड़क पर, पार्किंग में सभी के लिए जगह चाहिए,जो एक बड़ी समस्या है।साइकिल से सड़क जाम होने की समस्या नहीं है। इसे संकरे रास्तों व गलियों में चलाया जा सकता है। अगर इसके लिए अलग से लेन हो तो, न तो यह दूसरे वाहनों की गति में रूकावट होगी और न ही साइकिल चलाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। साइकिल उनके लिए भी अच्छी है, जो भीड़ से बचना चाहते हैं।पर्यटक और पक्षी दर्शकों के लिए भी साइकिल बहुत अच्छी है। इत्मीनान से देखना, क्योंकि चलते-चलते हर पल, हर क्षण दृश्य बदलते रहते हैं, जरा भी भूल हुई कि अच्छे दृश्य देखने से रह जाएंगे। मैं जब कभी यात्रा में जाता हूं तो आंखों को विश्राम नहीं मिल पाता, क्योंकि मैं समझता हूं कि जरा भूल हुई कि कुछ ऐसा देखने से रह जाएगा तो जो मुझे देखना अच्छा लगता। साइकिल में आराम से सभी दृश्य देखे जा सकते हैं।सड़कों पर वाहनों का बोझ बढ़ता जा रहा है। सड़क जाम, दुर्घटनाएं, प्रदूषण की खबरें आती रहती हैं। साइकिल के चलन से इन सभी में कमी आ सकती है। छोटे व कस्बों में इन्हें बढ़ावा दिया जा सकता है। दुनिया के कई देश साइकिल को बढ़ावा दे रहे हैं। क्या हम भी इस दिशा में आगे बढ़ना चाहेंगे?

कैमरे के सामने कलमा पढ़कर युवक ने खुद को मारी गोली; पास खड़ी थी 5 साल की भतीजी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में एक युवक ने खुदकुशी से पहले मोबाइल पर वीडियो रिकॉर्ड किया और कैमरे के सामने ही पिता की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली. इस दर्दनाक घटना के वक्त कमरे में उसकी 5 वर्षीय मासूम भतीजी भी मौजूद थी, जिसने यह पूरी वारदात अपनी आंखों से देखी. मुरादाबाद जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र में एक युवक ने मानसिक रूप से परेशान होकर अपने घर के बंद कमरे में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. युवक पांच दिन पहले ही पंजाब से काम करके घर लौटा था और उसने रविवार को इस आत्मघाती कदम को अंजाम दिया. उसने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से सिर में गोली मारी और मरने से पहले अपने मोबाइल फोन पर 7 मिनट 41 सेकंड का एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया. इस पूरी घटना के समय कमरे में उसकी 5 साल की भतीजी मौजूद थी. सूचना मिलने पर कुंदरकी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की.

कैमरे के सामने पढ़ा कलमा और दबाया ट्रिगर

सामने आए वीडियो के शुरुआती 40 सेकंड में युवक रोते हुए कह रहा है कि वह सबूत छोड़कर जा रहा है क्योंकि उसे बहुत परेशान किया जा रहा है. उसने वीडियो में कहा कि उसके घरवालों को तंग न किया जाए, लेकिन जिसने उसका दिल दुखाया है, उससे हश्र में मुलाकात होगी. इसके बाद युवक ने कलमा पढ़ा और कैमरे के सामने ही ट्रिगर दबा दिया.

गोली चलने की आवाज और मासूम बच्ची की चीख सुनकर घर में सो रहे परिजनों की नींद खुली और अफरा-तफरी मच गई. कमरे की कुंडी अंदर से बंद होने के कारण घरवालों ने खिड़की तोड़ी और भीतर दाखिल हुए, जहां युवक खून से लथपथ पड़ा था. मृतक की मां ने बताया कि उन्हें सिर्फ गोली चलने की आवाज सुनाई दी थी, जिससे इस हादसे का पता चला. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने देर रात तक मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की.

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कंटेनर में घुसी कार, दो भाई समेत 3 की मौत

महानगर मेट्रो ब्यूरो

आगरा-लखनऊ। एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा घुसी. इस भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं. हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाके के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस ने बताया कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे थाना फतेहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत भीषण सड़क हादसे की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि एक कार पीछे से कंटेनर में घुस गई और बुरी तरह फंस गई है. इस हादसे में दो सगे भाई समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बिहार के रहने वाले कार सवार राजस्थान में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे. पुलिस का बताया दर्दनाक हादसे के कारणों को लेकर आशंका जताई जा रही है कि कार चला रहे ड्राइवर को अचानक नींद की झपकी आ गई होगी. रफ्तार तेज होने के कारण ड्राइवर का वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और कार सीधे कंटेनर ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई. चश्मदीद ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला आधा हिस्सा कंटेनर के पिछले हिस्से में समा गया. मौके पर पुलिस, यूपीडा (UP E&pressways Industrial Development Authority) और एंबुलेंस टीम पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को बाहर निकाला. तीन शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि पांच घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद सीएचसी फतेहाबाद रेफर किया गया है. घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है.

किसानों को एमपी सरकार फ्री में देगी हेलमेट, सीएम मोहन यादव ने कर दिया बड़ा ऐलान

महानगर मेट्रो ब्यूरो

शाजापुर। मध्य प्रदेश की सरकार लगातार किसानों के लिए काम कर रही है। शाजापुर में रविवार को सीएम मोहन यादव ने घोषणा की है कि गांव से मोटरसाइकिल पर सवार होकर सामान बेचने शहर जाने वाले किसानों को राज्य सरकार हेलमेट देगी ताकि उनकी जान बचाई जा सके।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान घोषणा

दरअसल, मुख्यमंत्री ने शाजापुर जिले के शुजालपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 134वां संस्करण सुनने के बाद किसानों से संवाद के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसान दूध-फल-सब्जी जैसा सामान मोटरसाइकिल पर गांव से शहर लाते हैं। हेलमेट न होने की वजह से उन पर दुर्घटना का खतरा बना रहता है। हमारी सरकार हेलमेट देकर किसानों की जान बचाएगी। इस तरह हम दुर्घटनाओं को भी रोकेंगे और किसानों को सुरक्षा की गारंटी भी मिलेगी।

सरकार किसानों की आय बढ़ाएगी

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जोर देकर कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य सरकार किसी भी सूरत में किसानों की आय बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि हमारी सरकार जो निर्णय करती है, उसे लागू करती है। हमने आज 2,625 रुपये क्विंटल के दाम पर 1 करोड़ मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं की खरीद का रिकॉर्ड बनाया है। अभी तक हमने अपने ही सारे रिकॉर्ड तोड़े हैं। पूरे देश में सबसे ज्यादा लगभग 14 लाख किसानों से गेहूं खरीदने का रिकॉर्ड भी मध्यप्रदेश सरकार ने बनाया है।

उड़द पर भी बोनस दे रही है सरकार

मोहन यादव ने कहा कि यह हमारी सरकार के काम करने का तरीका है। सरकार सोयाबीन के लिए भावांतर योजना के माध्यम से किसानों को लाभ देकर वचन को निभा रही है। हमारी सरकार उड़द को भी प्रोत्साहन दे रही है। पहली बार हम उड़द पर बोनस दे रहे हैं।

301 वीं जयंती पर आदिवासी महिलाओं ने साड़ियों पर उकेरा 250 साल पुराना इतिहास

महानगर मेट्रो ब्यूरो

खरगोन। लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती (31 मई) पर महेश्वर की ग्रामीण और आदिवासी महिला बुनकरों ने एक अनोखा ट्रिब्यूट दिया है। इन महिलाओं ने किले की नक्काशी और आध्यात्मिक इतिहास को समेटकर विशेष साड़ियों का कलेक्शन तैयार किया है। महेश्वर के पत्थरों से धागों में उतरी देवी अहिल्याबाई मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर महेश्वर में इतिहास सिर्फ म्यूजियम या पत्थरों की दीवारों में कैद नहीं है, बल्कि वह आज भी यहां के करघों और बुनकरों की उंगलियों में धड़कता है। महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के मौके पर यहां की ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं ने अपनी प्यारी रानी को एक बेहद खूबसूरत और अनोखा ट्रिब्यूट दिया है। इन महिला बुनकरों ने महीनों की मेहनत के बाद 'महेश्वरी साड़ियों' का एक खास कलेक्शन तैयार किया है, जो पूरी तरह से महेश्वर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्वरूप से प्रेरित है। साड़ियों पर उतरे किले के झरोखे और पवित्र नदी इन विशेष साड़ियों को बुनने के लिए रेशम और सूती धागों को नील, सिंदूरी, हल्दी जैसे सुनहरे और नर्मदा के पानी जैसे धूसर प्राकृतिक रंगों में रंगा गया। जब करघे चले, तो साड़ियों के पल्लू और बॉर्डर पर महेश्वर किले के नक्काशीदार झरोखे, नर्मदा घाट के मंदिरों में स्थापित नंदी और प्राचीन शिवलिंग के ज्यामितीय पैटर्न उभर आए। जो इतिहास कभी बलुआ पत्थरों पर तराशा गया था, वह अब कपड़ों पर जीवंत हो उठा है। हैंडलूम ट्रेनिंग सेंटर के प्रमुख राजकुमार सराफ बताते हैं कि इस कलेक्शन को तैयार करने के लिए महीनों तक पुराने अभिलेखागारों, ऐतिहासिक रेखाचित्रों और पारंपरिक डिजाइनों का बारीकी से अध्ययन किया गया था।

जब कला के जरिए रानी ने बसाई थी नगरी

अठारहवीं सदी के उत्तरार्ध में जब महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया, तो उनका मकसद सिर्फ किले और घाट बनाना नहीं था। वे एक ऐसा शहर चाहती थीं जो कला के जरिए सांस ले सके। इसके लिए उन्होंने सूरत, गुजरात, हैदराबाद और मांडू के उस्ताद बुनकरों को लाकर यहां बसाया। रानी के संरक्षण में इन बुनकरों ने नर्मदा की लहरों की रफ्तार और किले की खूबसूरती को कपड़ों पर उतारना शुरू किया। यहीं से जन्म हुआ ' महेश्वरी साड़ी ' का, जो नदी की ठंडी हवा जैसी हल्की और रेशम जैसी चमकदार होती है। शुरूआत में शाही परिवारों के लिए बनती थीं साड़ियां शुरुआत में ये साड़ियां केवल शाही परिवारों के लिए बनती थीं और विदेशी मेहमानों को तोहफे में दी जाती थीं, लेकिन वक्त के साथ यह महेश्वर की पहचान बन गई। 250 से ज्यादा साल बीत जाने के बाद भी रानी की वो दूरदर्शी सोच आज भी हैंडलूम की खट-खट की आवाज में जिंदा है

MP में हृदय विदारक घटना, मां ने 3 बेटियों के साथ खाया जहर, चारों की हुई मौत

महानगर मेट्रो ब्यूरो

शहडोल। मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के हिरवार गांव में 32 वर्षीय अनीता सिंह और उनकी तीन बेटियों की कीटनाशक खाने से मौत हो गई. पुलिस के अनुसार महिला ने पहले अपनी बेटियों को कीटनाशक दिया और फिर खुद भी उसका सेवन कर लिया. घटना में दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की इलाज के दौरान जान गई. मध्य प्रदेश के शहडोल ज़िले में कीटनाशक खाने से एक 32 वर्षीय महिला और उसकी तीन बेटियों की मौत हो गई. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी ने बताया कि यह घटना शहडोल ज़िला मुख्यालय से लगभग 125 किलोमीटर दूर, ब्योहारी इलाके में पपौंध पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हिरवार गांव में हुई. पपौंध के स्टेशन हाउस ऑफिसर बृजेंद्र मिश्रा ने बताया कि अनीता सिंह (32) ने शनिवार रात को खुद कीटनाशक खाने से पहले अपनी तीनों बेटियों को भी वही कीटनाशक खिला दिया था. जिसके तुरंत बाद बाद रितिका (4) और कृष्णकुमारी (2) की मौत हो गई. जबकि तीसरी बेटी की इलाज के दौरान मौत हुई. वहीं इसके कुछ देर बाद महिला की भी मौत हो गई. SHO ने बताया बताया कि डॉक्टरों ने महिला और उसकी दो छोटी बेटियों को अस्पताल पहुंचने पर ही मृत घोषित कर दिया, जबकि अर्पिता की मौत रविवार को हुई. मिश्रा ने बताया कि सबसे बड़ी लड़की ने पड़ोसियों को बताया था कि उसकी मां ने बच्चों को कीटनाशक दिया था. साथ ही बच्ची ने पड़ोसियों को यह भी बताया था कि ज़हरीला पदार्थ खिलाने के बाद उसकी मां ने घर में रखे दस्तावेज़ों, कपड़ों, तस्वीरों और अनाज में आग लगा दी थी.

ससुराल वालों से अलग रहती थी महिला

मिश्रा ने कहा कि लड़की यह नहीं बता पाई कि उसकी मां ने ऐसा कदम क्यों उठाया? SHO ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से एल्युमिनियम फॉस्फाइड का एक पैकेट बरामद किया है. शुरुआती जांच के अनुसार अनीता अपने बच्चों के साथ अपने ससुराल वालों से अलग रहती थी. उसका पति, जो एक ड्राइवर है, हैदराबाद गया हुआ था और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं था. पुलिस ने बताया कि वे महिला के रिश्तेदारों के बयान दर्ज कर रहे हैं और इस मामले में एक केस दर्ज कर लिया गया है. आगे की जांच जारी है. महिला के पति को भी सूचना दे दी गई है.

सीएम मोहन यादव ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपना सुझाव जरूर शेयर करें।

महानगर मेट्रो ब्यूरो

भोपाल। मध्य प्रदेश में यूनिफॉर्म सिविल कोर्ड लागू करने की तैयारी चल रही है। सीएम मोहन यादव ने कहा है कि एमपी में यूसीसी लागू होगी। साथ ही इसके लिए उन्होंने जनता से सुझाव साझा करने की अपील की है। सीएम ने कहा है कि एमपी में यूसीसी के लिए समिति बना दी गई है। यह समिति धार्मिक लोगों से राय ले रही है।



यूसीसी लागू किया जाएगा

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में यूसीसी को लागू किया जाएगा। क्योंकि, आज धार्मिक-सामाजिक-पारिवारिक रूप से भिन्न-भिन्न मतों की आवश्यकता नहीं है। आज जरूरत यूसीसी की ओर बढ़ने की है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि मैं चाहता हूं कि जनता भी वेबसाइट पर अपने सुझाव जरूर साझा करे। वैधानिक रूप से है भिन्नता सीएम मोहन यादव ने कहा कि समान नागरिक संहिता मध्यप्रदेश में राज्य सरकार द्वारा लागू जा रही है। हमारे राज्य में चाहे बहनों के तलाक के मामले हों, चाहे पारिवारिक परंपराएं हों, चाहे भिन्न-भिन्न धार्मिक मामले हों, आज वैधानिक और सामाजिक रूप से इनमें भिन्नता की आवश्यकता नहीं है। वर्तमान में हमें समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ने की जरूरत है। अभी तीन राज्यों उत्तराखंड-गुजरात और असम ने इसको अपनाया है। हम भी राज्य में यूसीसी लागू करेंगे। एमपी में क्या है यूसीसी की स्थिति मध्यप्रदेश में यूसीसी के लिए बन चुकी है समिति जिलों में जाकर अलग-अलग धर्मों के लोगों से लिए जा रहे सुझाव मुख्यमंत्री यादव ने कहा- आज भिन्न-भिन्न मतों की आवश्यता नहीं

यूसीसी के अनुकूल है एमपी

उन्होंने कहा कि इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में अलग-अलग विद्वानों को मिलाकर समिति भी बना दी गई है। यह समिति विभिन्न जिलों में जाकर सभी धर्मों के लोगों से सुझाव ले रही है। उनकी रिपोर्ट का संकलन करने के बाद हम चाहेंगे कि जल्दी से जल्दी समान नागरिक संहिता मध्यप्रदेश में लागू हो जाए। राज्य की भी इच्छा है कि इसे लागू होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार जन-कल्याणकारी कामों को लगातार आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश उन अनुकूल राज्यों में से एक है जहां यूसीसी लागू होना चाहिए। यूसीसी को लेकर वेबसाइट भी लॉन्च की गई है। मैं जनता से अपील करता हूं कि वह अपने सुझाव जरूर दे। गौरतलब है कि बीजेपी शासित कई राज्यों में यूसीसी लागू हो चुकी है। इसमें उत्तराखंड और असम शामिल है। इसके बाद मध्य प्रदेश में यह प्रक्रिया शुरू की गई है।

12 साल की बच्ची दुष्कर्म के बाद हुई प्रेग्नेंट, एनकाउंटर में पुलिस ने सिराज के पैर में गोली मार किया घायल

महानगर मेट्रो ब्यूरो

गाजियाबा। लोनी बॉर्डर की अमित विहार कॉलोनी में 12 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बच्ची तीन माह की गर्भवती हुई तब परिजनों को उसके साथ वारदात का पता चला। बच्ची ने पड़ोसी 28 साल के युवक सिराज पर उसके साथ लगातार दुष्कर्म किए जाने की बात बताई। जानकारी मिलते ही भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर बच्ची के परिवार से मिले और पुलिस से तुरंत आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने आरोपी सिराज को एनकाउंटर में लंगड़ा कर गिरफ्तार कर लिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण इलाके में तनाव है।

ठेकेदार ने 1 लाख लेकर समझौते का दबाव बनाया

मामले का खुलासा तब हुआ जब बच्ची तीन महीने की गर्भवती निकली। तबीयत बिगड़ने पर मां उसे अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने दुष्कर्म की पुष्टि की। 30 मई को पिता ने थाना लोनी बॉर्डर में तहरीर दी। शिकायत में कहा गया कि पड़ोस में रहने वाले 28 वर्षीय सिराज ने माता-पिता के मजदूरी पर जाने के बाद बच्ची को डरा-धमकाकर महीनों तक शोषण किया। मामला तब और बिगड़ गया जब घटना सामने आने के बाद रविवार रात इलियास नाम के ठेकेदार ने परिवार पर एक लाख रुपये लेकर समझौता करने का दबाव बनाया और समझौता ना करने पर धमकी दी।

महोबा में तड़पते मरीज के साथ जब इमरजेंसी वार्ड पहुंचा 'जहरीला कोबरा'

महानगर मेट्रो ब्यूरो

महोबा। जिला अस्पताल में उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई, जब सांप के काटने से घायल एक व्यक्ति के साथ उसके परिजन इलाज के लिए सपेरे और जिंदा कोबरा सांप को भी अस्पताल ले आए. इस घटना ने अंधविश्वास, लापरवाही और सांपों के प्रति जोखिम भरे व्यवहार को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं. उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में अंधविश्वास और लापरवाही का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां एक सपेरे ने युवक के गले में काला कोबरा सांप डाल दिया. सांप के काटने से युवक की हालत बिगड़ गई. लेकिन हद तो तब हो गई जब परिजन इलाज के लिए मरीज के साथ-साथ सपेरे और उस जहरीले कोबरा सांप को भी महोबा जिला अस्पताल ले पहुंचे. अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड का यह नजारा देखकर हर कोई सन्न रह गया. डॉक्टर, स्टाफ और मरीज सब हैरत में आ गए, क्योंकि अस्पताल में तड़पते मरीज के अलावा सपेरा भी कोबरा सांप लेकर खड़ा था. दरअसल, यह पूरा मामला महोबा जनपद की सीमा से सटे मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के ज्योराहा गांव का से जुड़ा है. गांव के रहने वाले 42 साल के रामहेत साहू अपने घर पर थे, तभी वहां भूरानाथ नाम का एक सपेरा आया. वह अमूमन सांप दिखाकर लोगों से आटा, अनाज और पैसे मांगने का काम करता था. प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के मुताबिक, सपेरे ने अचानक अपनी टोकरी से काला कोबरा नाग निकाला और रामहेत के गले में लपेट दिया. अचानक गले पर रेंगते जहरीले सांप को देखकर रामहेत बुरी तरह घबरा गया. उसने डर के मारे जैसे ही सांप को हाथ से पकड़कर हटाने की कोशिश की, गुस्से में आए कोबरा ने उसके हाथ में डस लिया. सांप के काटते ही रामहेत चीख पड़ा और जमीन पर गिरकर तड़पने लगा. चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने तुरंत सपेरे को दबोच लिया. इसके बाद परिजन आनन-फानन में रामहेत को लेकर महोबा जिला अस्पताल भागे. डॉक्टरों को सांप की सही पहचान हो सके, इसलिए वो सपेरे और कोबरा नाग को भी साथ ले आए. हालांकि, आरोपी सपेरे भूरानाथ का दावा है कि पीड़ित ने खुद शौक में सांप को गले में डाला था. सपेरे ने यह भी कहा कि यह उसका पैतृक काम है और वह खुद झाड़-फूंक भी कर लेता है. जिला अस्पताल के डॉक्टर अमित राजपूत ने बताया कि यह सीधे तौर पर स्नेक बाइट का गंभीर मामला है. परिजनों के कहने पर उन्होंने सांप को देखा, जो कि एक कोबरा था.

अधजली लाश और फ्लाइट मोड पर मोबाइल...मेरठ में सनसनीखेज मामला

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दौराला। मेरठ के दौराला क्षेत्र में गन्ने के खेत से एक व्यक्ति का अधजला शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया. घटनास्थल से मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और एक प्लास्टिक की केन भी बरामद हुई है. प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ा रही है. उत्तर प्रदेश में मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र के एक गन्ने के खेत में रविवार शाम को अधजला शव मिलने से सनसनी मच गई. खेत के बाहर एक मोटरसाइकिल भी खड़ी थी और खेत के अंदर जला हुआ शव पड़ा था. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान का प्रयास शुरू किया . मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर के जानसठ निवासी 32 साल के प्रवीण के रूप में हुई. बताया जा रहा है कि शव के पास में ही तेल की केन मिली है जिसके आधार पर फिलहाल यह सुसाइड का मामला माना जा रहा है. पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है. दरअसल मामला मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र के गांव लोहिया मार्ग का है जहां एक ईख के खेत में रविवार देर शाम एक अधजला शव पड़ा हुआ था. ग्रामीणों ने शव को देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को फोन किया. इसके बाद दौराला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मेरठ के एसपी सिटी विनायक गोपाल भोंसले व सीओ दौराला प्रकाश चंद्र अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया. खेत के बाहर ही एक मोटरसाइकिल खड़ी थी. शव के कुछ ही दूरी पर मृतक का मोबाइल भी पड़ा हुआ था जो की फ्लाइट मोड पर लगा हुआ था. शव के पास एक प्लास्टिक की तेल की केन भी मिली है. शव की पहचान मुजफ्फरनगर जानसठ के रहने वाले प्रवीण के रूप में हुई. बताया जा रहा है कि प्रवीण बाइक से निकला था. मृतक के परिजनों को भी सूचित किया गया और परिजन मौके पर पहुंचे. बताया जा रहा है

जान गंवाने वाले नलिन कर रहे थे IES की तैयारी, MBBS कर चुके रवि की भी हुई मौत

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। सैदुलाजाब हादसे में जान गंवाने वाले स्टूडेंट्स दोस्तों के साथ रोज की तरह कुछ खाने गए थे। मरने वाले लोगों में दो छात्र रवि प्रकाश और नलिन खाने के लिए कैंटीन में गए थे। किसी कारण से बाहर आए उनके दोस्तों की जान बच गई। कैंटीन संचालक पार्वती की भी हादसे में मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले नलिन वहां कोचिंग में पढ़ाई नहीं करते थे। जबकि उनके भाई सोनू ने बताया कि नलिन तो इंडियन इंजीनियरिंग सर्विसेस की तैयारी कर रहे थे। वहां किराये पर रहकर तैयारी कर रहे थे। अक्सर कैंटीन में खाने जाया करते थे। अपने दोस्त के साथ कैंटीन में पराठा खाने के लिए गए थे। उनका दोस्त दो मिनट के लिए दही लेने बाहर निकला था। इतने में ही दूसरी बिल्डिंग भरभराकर कैंटीन पर गिर गई। सुबह उनको निकाला जा सका, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टर रवि का सपना रह गया अधूराः हादसे में गोंडा उत्तर प्रदेश के रहने वाले रवि प्रकाश ने भी जान गंवाई है। रवि ने 2024 में किर्गिस्तान से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की थी। वह आगे की पढ़ाई कर रहे थे। उनके परिवार में तीन भाई और दो बहनें हैं। परिवार में वह अकेले डॉक्टर बनने वाले शख्स थे। वह अपने दोस्तों के साथ कैंटीन में खाने के लिए गए थे। उनकी दोस्त अनामिका ने बताया कि मेरी एक दोस्त इस दौरान वहां आई और उसने दूसरी जगह खाने की जिद की। उसने कहा कि यह और अच्छी जगह है। हम दोनों वहां के लिए निकले थे और रवि कैंटीन में ही रुक गए। हम कुछ आगे गए ही थे कि इमारत ढह गई। हम रवि को ढूंढते रहे गए। बाद में उनकी मौत की खबर मिली। रवि के एक रिश्तेदार ने बताया कि उनके पिता राम गांव में स्कूल चलाते हैं। रवि डॉक्टर बनकर लोगों के लिए कुछ काम करना चाहते थे। लेकिन, अब हम उन्हें कभी नहीं देख पाएंगे। सैदुलाजाब में इमारत गिरने के 24 घंटे बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है। एनडीआरएफ, दिल्ली फायर सर्विस, दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियों की टीमें मलबे के ढेर में जिंदगी की तलाश में जुटी हैं। रविवार देर शाम तक भी मलबे का बड़ा हिस्सा नहीं हटाया जा सका था। हादसे के बाद सामने आई कई कहानियां दिल दहला देने वाली हैं। सबसे दुखद कहानी पार्वती की है, जो इमारत के पास ढाबा चलाती थीं। स्टूडेंट्स इस ढाबे को 'आंटी का ढाबा' कहते थे। पार्वती की बेटी नीलम का दावा है कि शनिवार रात करीब 2 बजे तक मलबे के नीचे से मां की आवाज सुनाई दे रही थी। वह लगातार मदद के लिए पुकार रही थी। परिवार और लोग बचाव कर्मियों से उन्हें जल्द निकालने की गुहार लगाते रहे, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण राहत कार्य तेजी से आगे नहीं बढ़ सका और कुछ घंटे बाद आवाजें भी खामोश हो गईं। एनडीआरएफ के कमांडर अनंत कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर फैल मलबे राहत कार्य में सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। मलबे के नीचे किसी के जीवित होने की संभावना तलाशने के लिए डॉग स्क्वॉड, सेंसर आधारित खोज उपकरण और अन्य तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि बचाव अभियान से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि हादसे के बाद लंबा समय बीतने की वजह से अब किसी के जीवित मिलने की संभावना बेहद कम है। अनुमान है कि पूरे मलबे को हटाने में सोमवार शाम तक का समय लग सकता है। राहत कार्य की गति को लेकर स्थानीय लोगों और परिजनों में नाराजगी देखने को मिली। आरोप है कि शुरुआती घंटों में भारी मशीनें उपलब्ध नहीं होने के कारण मलबे तेजी से नहीं हटाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के लगभग 16 घंटे बाद रविवार दोपहर करीब 12 बजे दो बड़ी क्रेन मौके पर पहुंचीं। इसी के बाद बचाव कार्य में तेजी आई। लोगों का कहना है कि अगर भारी क्रेन और अन्य संसाधन पहले पहुंच जाते तो कुछ लोगों की जान बचाई जा सकती थी। हालांकि प्रशासन का कहना है कि उपलब्ध संसाधनों के साथ लगातार राहत कार्य चलाया गया और जरूरत के अनुसार अतिरिक्त मशीनें भी तैनात की गईं। एनडीआरएफ के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार हादसे की वजह इमारत के पिलरों का कमजोर होना बताया जा रहा है। भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) ने वैज्ञानिक बनने की चाह रखने वाले होनहार युवा कपिल की जिंदगी का सबसे खुशी का दिन ही उसका आखिरी दिन बन गया। शनिवार को इस संस्थान में नौकरी के लिए उनका इंटरव्यू बेहद शानदार रहा था। जश्न मनाने के लिए उन्होंने शाम को अपने पांच दोस्तों को पार्टी दी थी। सभी दोस्त एक इमारत की कैंटीन में बैठकर खान खा रहे थे और हंस-बोल रहे थे, तभी अचानक वह पूरी इमारत ताश के पत्तों की तरह ढह गई।

सुमन कल्याणपुर के निधन से राजनीतिक जगत में शोक, CM फडणवीस ने भी दी श्रद्धांजलि

महानगर मेट्रो ब्यूरो

कल्याणपुर। भारत की मशहूर गायिका सुमन कल्याणपुर का निधन हो गया है. उनके निधन पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य दिग्गज नेताओं ने गहरा शोक जताया है. दिग्गज नेताओं ने सुमन के निधन को 'संगीत के सुनहरे अध्याय का अंत' बताया है. भारत की मशहूर और दिग्गज गायिका सुमन कल्याणपुर का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है. उनके निधन की खबर से संगीत से लेकर राजनीतिक जगत तक में मातम पसर गया है. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत कई दिग्गज नेताओं ने सुमन के निधन पर शोक जताया है और उन्हें श्रद्धांजलि दी है. सुमन कल्याणपुर को 'ना ना करते', 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे' और 'तुमने पुकारा' जैसे सुपरहिट गानों के लिए जाना जाता था. उन्होंने हिंदी, के साथ-साथ मराठी, असमिया, गुजराती, कन्नड़, मैथिली, भोजपुरी समेत कई भाषाओं में गाने गाए. सुमन कल्याणपुर के निधन पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गहरा शोक जताया है. उन्होंने कहा कि देश ने एक ऐसी दैवीय आवाज को खो दिया है, जिसने छह दशकों से ज्यादा समय तक भारत की संगीत विरासत को समृद्ध किया. सीएम फडणवीस ने सुमन कल्याणपुर के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की. इसके साथ उन्होंने लिखा, 'सुमन जी ने शुरुआत में पेंटिंग की ट्रेनिंग ली थी, लेकिन बाद में उन्होंने संगीत को ही अपनी जिंदगी बना लिया. इसके बाद वो देश की सबसे सम्मानित प्लेबैक सिंगर्स में से एक बनीं. उनकी मधुर आवाज और शास्त्रीय संगीत पर उनकी पकड़ ने उनके गानों को बेहद पॉपुलर बनाया, खासकर 1950 और 1960 के दशक में. मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'भले ही उनके अमर गाने हमेशा हमारे साथ रहेंगे, लेकिन सौम्य और शालीन सुमन जी की कमी हमेशा खलेगी.

एकनाथ शिंदे ने कहा- मुरझा गया संगीत का 'सुमन'

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सुमन कल्याणपुर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अपनी सदाबहार और मधुर धुनों से भारतीय संगीत पर राज करने वाली अनुभवी गायिका के जाने से संगीत का 'सुमन' (फूल) मुरझा गया है. शिंदे ने कहा, 'सुमन जी सिर्फ एक गायिका नहीं थीं, बल्कि वो भारतीय सुगम शास्त्रीय और फिल्मी संगीत के एक सुनहरे युग का प्रतिनिधित्व करती थीं.

अनशन पर बैठे मनोज जरांगे की कड़ी धूप में तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

महानगर मेट्रो ब्यूरो

मराठा। आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल की अनशन के दौरान तबीयत बिगड़ गई. तेज धूप में बैठने की वजह से उन्हें गंभीर डिहाइड्रेशन, उल्टियां और चक्कर की शिकायत हुई, जिसके बाद एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया. भाजपा नेता प्रसाद लाड ने कहा कि सरकार और आंदोलन पक्ष के बीच बेहतर बातचीत होने से 15 घंटे में आंदोलन खत्म हो सका. मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल की तबीयत अचानक बिगड़ गई है. कड़ी धूप में अनशन पर बैठने की वजह से उन्हें छत्रपति संभाजी नगर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया. दरअसल, पाटिल का आरोप है कि सरकार मराठा समाज से किए गए वादे पूरे करने में लगातार टालमटोल कर रही है, इसी के खिलाफ उन्होंने यह मोर्चा खोला था. मनोज जरांगे ने हाल ही में अपनी मांगों को लेकर अनशन शुरू किया था. हालांकि, यह आंदोलन करीब 15 घंटे के भीतर खत्म हो गया. इसके तुरंत बाद उनकी तबीयत खराब होने लगी. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच की, जिसमें डिहाइड्रेशन की पुष्टि हुई. उनकी सेहत की जानकारी देते हुए डॉक्टर विनोद चावरे ने बताया कि तेज धूप में लगातार अनशन पर बैठने की वजह से मनोज जरांगे को सीवियर डिहाइड्रेशन हो गया था. उन्हें उल्टियां हो रही थीं और चक्कर भी आ रहे थे. इसी वजह से अस्पताल में भर्ती होना पड़ा. फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. अस्पताल में पाटिल की सेहत का हाल जानने भाजपा नेता प्रसाद लाड पहुंचे. उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में बड़ा खुलासा किया कि पहले कई महीनों तक चलने वाला यह आंदोलन इस बार महज 15 घंटे में कैसे खत्म हो गया. लाड के मुताबिक, पहले सरकार तथा आंदोलनकारियों के बीच बातचीत का थोड़ा गैप था. मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्होंने पाटिल के साथ अहम बैठक की, जिससे आपसी संवाद का यह अंतर खत्म हो गया. जब समाज की जायज मांगें मान ली गईं, तो पाटिल ने भी बिना किसी जिद के अपना अनशन खत्म कर दिया. चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी आदेश में बदलाव करने के सवाल पर भाजपा नेता ने स्थिति साफ की. उन्होंने कहा कि साल 2025 का मूल सरकारी आदेश पहले ही जारी हो चुका है. अब सिर्फ उसमें सुधार या नया सर्कुलर आना बाकी है, जिस पर चुनावी पाबंदियों का नियम लागू नहीं होता. फिर भी एहतियात के तौर पर सोमवार को चुनाव आयोग से मिलकर अंतिम फैसला लिया जाएगा. राज्य में लागू चुनाव आचार संहिता और सरकारी आदेश में बदलाव को लेकर भी भाजपा नेता ने स्थिति साफ की. उन्होंने भरोसा दिया कि साल 2025 का मूल आदेश पहले ही आ चुका है, इसलिए तकनीकी सुधारों पर कोई रोक नहीं लगती, फिर भी सोमवार को चुनाव आयुक्त से इस पर अंतिम सलाह ली जाएगी. इसके अलावा, उन्होंने नाराज ओबीसी नेताओं को समझाते हुए कहा कि सरकार पाटिल को कोई नया हक नहीं दे रही, बल्कि विधानसभा के पटल पर पहले से तय पुराना वादा ही पूरा कर रही है.

बेटी की हत्या में पिता और भाई को जेल, बॉयफ्रेंड संग भागी लड़की जिंदा मिली, महाराष्ट्र पुलिस पर उठे सवाल

महानगर मेट्रो ब्यूरो

पुणे। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में एक हैरान कर देनेवाली घटना सामने आई है। यहां एक हत्या के मामले ने तब एक अप्रत्याशित मोड़ आया, जब मृत महिला अचानक सामने आ गई। यह लड़की पुलिस के सामने पेश हुई और अपने पिता को जेल से रिहा करने की अपील की। लड़की की हत्या का आरोप में ही उसके पिता और भाई को जेल में डाला गया था। लड़की के सामने आने के बाद उसके भाई और पिता को जेल से रिहा कर दिया गया है। हालांकि अब इस केस में नया पेच फंस गया है कि जिस लड़की की जली लाश के पुलिस ने जंगल से बरामद किया था, वह किसकी थी? यह मामला कुछ दिन पहले शुरू हुआ था, जब पुलिस ने बुलढाणा ज़िले के एक जंगल से एक आंशिक रूप से जला हुआ शव बरामद किया था। यह सव दो हिस्सों में कटा हुआ था। जांचकर्ताओं ने शुरू में माना कि यह शव शिवानी नाम की एक महिला का है। इधर शिवानी लापता थी।

पुलिस के सामने आई शिवानी

पुलिस ने शिवानी की हत्या के आरोप में उसके पिता बापूराव नत्थू कालमेकर और भाई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया। दोनों को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। बाद में एक अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। हालांकि केस में तब एक नाटकीय मोड़ आया, जब शिवानी खुद पुलिस के सामने पेश हुई और बताया कि वह जिंदा है।

पुलिस ने पिता और भाई का कबूलनामा भी कोर्ट में दिया था

शिवानी ने अपने पिता और भाई की रिहाई की भी मांग की, जिन्हें उसकी कथित हत्या के सिलसिले में जेल में डाला गया था। उसके पेश होने और बयान के बाद, अदालत ने उनकी रिहाई का आदेश दे दिया। जेल से बाहर आने के बाद, शिवानी के पिता से पूछा गया कि उन्होंने हत्या न करने के बावजूद उसका इकबाल क्यों किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने गुस्से में आकर यह बयान दिया था, क्योंकि उनकी बेटी बार-बार घर से भाग जाती थी।

लड़के संग भाग गई थी शिवानी

बताया जा रहा है कि शिवानी का एक लड़के के साथ अफेयर था। उसके घरवाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। बीते दिनों शिवानी उसी लड़के के साथ भाग गई थी। परिवार ने शिवानी के गायब होने की शिकायत भी की थी। बाद में पुलिस ने लाश बरामद करके उसे शिवानी का बताकर उसके पिता और भाई को जेल भेज दिया। वहीं शिवानी को जब यह पता चला तो उससे रहा नहीं गया और वह पुलिस के सामने पेश हो गई। बापूराव ने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें इकबाल करने के लिए न तो मजबूर किया था और न ही उन पर कोई दबाव डाला था। उनके अनुसार, उन्होंने अपनी बेटी के बार-बार के ऐसे कामों से हताश होकर झूठे तौर पर अपराध की ज़िम्मेदारी स्वीकार कर ली थी। उनके इस बयान ने इस बारे में नए सवाल खड़े कर दिए हैं

महाराष्ट्र में MLC चुनाव का बिगुल, BJP ने जारी की उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

बीजेपी ने महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव 2026 के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है. इसमें विदर्भ, मराठवाड़ा, उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिम महाराष्ट्र के प्रमुख क्षेत्रों के अनुभवी नेताओं को शामिल किया गया है.

महानगर मेट्रो ब्यूरो

महाराष्ट्र । बीजेपी ने महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है. पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्रों से होने वाले द्विवार्षिक चुनाव और उप-चुनाव 2026 के लिए उम्मीदवारों की सूची को अपनी मंजूरी दे दी है. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की और से जारी इस लिस्ट में राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों से अनुभवी नेताओं को चुनावी मैदान में उतारा गया है. बीजेपी की लिस्ट के मुताबिक, द्विवार्षिक चुनाव 2026 के लिए कुल 10 नामों पर मोहर लगी है. वर्धा-चंद्रपुर-गढ़चिरोली से अरुण लखाणी, भंडारा-गोंदिया से अविनाश ब्राह्मणकर और अमरावती से प्रवीण पोटे पाटिल को उम्मीदवार घोषित किया गया है. सांगली-सतारा से धैर्यशील कदम, सोलापुर से राजेंद्र राउत, अहिल्यानगर से प्राजक्त तनपुरे और छत्रपति संभाजीनगर-जालना से सुहास शिरसाट चुनाव लड़ेंगे. जबकि नांदेड से अमर राजूरकर, धाराशिव-लातूर-बीड से बसवराज पाटिल और जलगांव से नंदकिशोर महाजन चुनावी मैदान में होंगे. विधान परिषद उप-चुनाव के लिए भी नाम तय द्विवार्षिक सीटों के साथ-साथ बीजेपी ने महाराष्ट्र विधान परिषद उप-चुनाव 2026 के लिए भी अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है. पार्टी ने नागपुर स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र से होने वाले इस उप-चुनाव के लिए डॉ. राजीव पोतदार को अपना अधिकृत उम्मीदवार बनाया है.

सभी क्षेत्रों को साधने की कोशिश

बीजेपी की इस सूची से साफ है कि पार्टी ने महाराष्ट्र के सभी प्रमुख क्षेत्रों जैसे विदर्भ, मराठवाड़ा, उत्तर महाराष्ट्र और पश्चिम महाराष्ट्र में अपने समीकरणों को मजबूत करने की कोशिश की है. पार्टी ने इन सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए अपने जमीनी और प्रभावशाली नेताओं पर भरोसा जताया है.

दिल्ली : ITO पर स्कूल ऑफ प्लानिंग की इमारत में लगी आग

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली। ITO स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग की इमारत में अचानक आग लग गई. घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं. कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है. दिल्ली के ITO स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली है. जानकारी के मुताबिक आग बिल्डिंग की दूसरी मंजिल पर लगी, जिसके बाद वहां से धुआं निकलता देखा गया. घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का की कोशिश की गई. सुबह 9:37 बजे दमकल विभाग को इस घटना की सूचना मिली. वहीं अब स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर की इमारत में लगी आग पर काबू पा लिया गया है. इस घटना में किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है. वहीं, आग लगने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, शिक्षा मंत्रालय में आग लग गई है. मुझे आश्चर्य है कि क्या सीबीएसई ओएसएम गड़बड़ी के टेंडर दस्तावेज रहस्यमय तरीके से जल जाएंगे?

अवैध निर्माणों पर एक्शन के आदेश

बता दें, सीबीएसई ने इस साल कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू किया था, लेकिन जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुए, इस प्रणाली को लेकर कई शिकायतें सामने आने लगीं. अब इस आग की घटना को पूर्व सीएम ने सीबीएसई ओएसएम विवाद से जोड़ा है. इस बीच, शिक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि आग मामूली थी और उस पर जल्द ही काबू पा लिया गया. घटना में किसी प्रकार की जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है. वहीं, सोमवार को दिल्ली के मुखर्जी नगर स्थित एक पीजी हॉस्टल में भी आग लगने की घटना सामने आई. जहां आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया. राहत की बात यह रही कि इस घटना में भी किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली. मौके पर दमकल विभाग की टीमें तुरंत पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की. काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया. बता दें, दिल्ली में हाल के दिनों में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. कई जगहों पर इन घटनाओं से भारी नुकसान भी हुआ है. शनिवार रात दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी इलाके के महिपालपुर की गली नंबर 12 स्थित एक मोबाइल गोदाम से आग की लपटें उठती देखी गईं. अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए 14 दमकल वाहनों को काम पर लगाया गया है. दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों से एसी में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं.

एक हफ्ते में जीता भरोसा, फिर GTB अस्पताल से 7 महीने का बच्चा लेकर फरार हुई 'दोस्त'

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली में रविवार को गुरु तेग बहादुर (जीबीटी)अस्पताल परिसर से एक महिला ने सात महीने के शिशु का कथित तौर पर अपहरण कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपी महिला ने हाल में शिशु की मां से दोस्ती कर ली थी और पीड़िता कुछ देर के लिए अपने बच्चे को उसकी देखरेख में छोड़कर गई थी। पुलिस ने बताया कि बच्चे की मां नाजरीन (23) सीलमपुर की निवासी है। उसने पुलिस को घटना की सूचना दी जिसके बाद अपहरण का मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार लगभग एक सप्ताह पहले सीलमपुर में एक अज्ञात महिला ने नाजरीन से दोस्ती कर ली थी। पुलिस ने बताया कि महिला अक्सर उससे मिलती रहती थी और उसने उसका भरोसा जीत लिया था।

दिल्ली के जीटीबी अस्पताल से सात महीने के एक बच्चा किडनैप हो गया।

आरोपी महिला ने एक हफ्ता पहले बच्चे की मां (नाजरीन) से दोस्ती कर उसका भरोसा जीता था। रविवार को जब मां अस्पताल में पर्ची बनवाने गई, तो आरोपी महिला बच्चे को लेकर फरार हो गई।

बच्चे को लेकर फरार हो गई महिला

पुलिस ने बताया कि दोनों महिलाएं रविवार को साथ में जीटीबी अस्पताल गईं, जहां नाजरीन कुछ देर के लिए अपने बेटे को आरोपी महिला के पास छोड़कर अस्पताल के अंदर पर्ची बनवाने गई थी। जब नाजरीन लौटी तो उसने पाया कि महिला और उसका बेटा गायब हैं। क्या कहा पुलिस अफसर ने पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना के बारे में पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) पर सूचना मिला जिसके पुलिस ने जांच शुरू की और अपहरण का मामला दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि लापता बच्चे का पता लगाने और आरोपी महिला को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

दिल्लीः मॉडल टाउन में खूनी वारदात, 25 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

महानगर मेट्रो ब्यूरो

दिल्ली। मॉडल टाउन इलाके से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां एक 25 वर्षीय युवक की चाकुओं से घोंपकर हत्या कर दी गई. वहीं हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया. दिल्ली के मॉडल टाउन इलाके में रविवार देर रात एक दिल दहला देने वाली हत्या की वारदात सामने आई है. जहां 25 साल के युवक साहिल की चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी गई. मृतक के शरीर पर सीने, पीठ और गर्दन पर कई गहरे घाव मिले हैं. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है. पुलिस के मुताबिक 31 मई 2026 को मॉडल टाउन थाने में विनायक अस्पताल से एक पीसीआर कॉल मिली थी. अस्पताल प्रशासन ने सूचना दी कि एक युवक को गंभीर हालत में लाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलते ही पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू की. मृतक की पहचान 25 साल के साहिल के रूप में हुई है, जो बुराड़ी के तोमर कॉलोनी का रहने वाला था. पुलिस जांच में पता चला कि साहिल को उसके दोस्त शिव और शुभम अस्पताल लेकर पहुंचे थे. जब पुलिस ने शव का निरीक्षण किया तो पाया कि साहिल के शरीर पर चाकू से किए गए कई वार के निशान थे. सबसे ज्यादा चोटें उसके सीने, पीठ और गर्दन पर थीं, जिससे साफ था कि हमलावर का इरादा जान लेने का था. शुरुआती जांच के दौरान पुलिस ने साहिल के दोस्तों और चश्मदीदों से पूछताछ की. पूछताछ में सामने आया कि यह पूरी घटना एमसीडी कॉलोनी इलाके में हुई थी. चश्मदीद शिव ने पुलिस को बताया कि वारदात को अंजाम देने वाला युवक आशु उर्फ लाला है, जिसकी उम्र करीब 18 साल है. आरोपी दिल्ली के लाल बाग इलाके का रहने वाला है. शिव के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है. जांच के दौरान पुलिस को वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद हो गया. यह हथियार घटनास्थल से करीब 100 मीटर दूर एक जगह पर पड़ा मिला. पुलिस ने चाकू को कब्जे में लेकर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है ताकि हत्या से जुड़े अन्य सबूत जुटाए जा सकें. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गया. उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है. पुलिस की कई टीमें आरोपी की तलाश में जुटी हुई हैं

टोल बचाने को बदला कार का नंबर, चालान पहुंचा दूसरे के घर; मुंडका टोल प्लाजा पर नंबर प्लेट की हेराफेरी

महानगर मेट्रो ब्यूरो

नई दिल्ली। 11 मई को बैरियर फ्री हुए मुंडका-बक्करवाला टोल प्लाजा पर कुछ 'तिकड़मबाज' लोगों द्वारा टोल टैक्स की चोरी के नित नए पैंतरे सामने आ रहे हैं। एक मामले में क्रेटा कार सवार शख्स ने पहले तो अपनी कार की विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं चिपकाया। फिर इससे भी दो कदम और आगे बढ़ते हुए उसने अपनी कार की ओरिजिनल नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करते हुए उसका नंबर ही बदल डाला। बदला गया नंबर किसी नेक्सॉन कार वाले का निकला। क्रेटा वाले ने इस बदले नंबर से कई बार मुंडका टोल को बिना टोल टैक्स चुकाए पार किया। टोल की चोरी के आरोप में ई-चालान लगातार नेक्सॉन कार वाले के एड्रेस पर पहुंचते रहे।

जबकि इस पूरे समय पीड़ित की कार उनके घर पर ही खड़ी रही।

लगातार कई ई-चालान आने पर पीड़ित परेशान हो गए और शिकायत एनएचएआई अधिकारियों से की। उन्हें बताया गया कि टोल ना भरने के आरोप में जितने भी ई-चालान सिस्टम ने भेजे हैं, उस पूरे समय उनकी कार तो कभी मुंडका टोल से गुजरी ही नहीं। वह घर पर ही खड़ी थी। जिसकी उनके पास वीडियो फुटेज भी है।

मामले की गंभीरता देख शुरू की तहकीकात

मामला गंभीर होते देख एनएचएआई अधिकारियों ने भी तहकीकात शुरू की। जिसमें पता लगा कि एक क्रेटा कार सवार यह खेल कर रहा है। उसने टोल की चोरी करते हुए अपनी कार के असली नंबर को किसी दूसरी गाड़ी के नंबर से बदल डाला।

श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव नियुक्त वही श्रीमती नंदा पसीने बालोद जिला अध्यक्ष नियुक्त

महानगर मेट्रो ब्यूरो

राजनांदगांव। हिंदुत्व मुद्दे को लेकर प्रखर तरीके से राष्ट्रीय टीवी चैनल पर विभिन्न मसलों में सुप्रीम कोर्ट में याचिका करने वाले कटर हिंदुत्व की छवि रखने वाले हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार करते हुए राजनांदगांव जिले से हेमंत वर्मा को संगठन में बड़ा दायित्व देते हुए प्रदेश अध्यक्ष की महती जिम्मेदारी दिया है गौरतलब है की हेमंत वर्मा हिंदुत्व विचारक व्यक्ति है और विगत दो दशक से भी लंबे समय से वह पत्रकारिता से जुड़े हुए हैं अपनी विशिष्ट लेखनी और समसामयिक टिप्पणी के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में मशहूर है सनातन धर्म के प्रचार प्रसार भारतीय संस्कृति की संरक्षण और गौहत्या एवं धर्मांतरण जैसे मुद्दे को लेकर हिंदू सेना पूरे देश में सक्रिय है संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता का आभार व्यक्त किया है एवं कोर कमेटी क भी आभार व्यक्त किया है साथ ही बालोद के वरिष्ठ पत्रकार निलेश श्रीवास्तव को प्रदेश महासचिव की बड़ी जिम्मेदारी दिया गया है इसी तरीके से और श्रीमती नंदा पसीने को जिला बालोद अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिया गया कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत वर्मा शनिवार को बालोद प्रवास पर रहेंगे इस दौरान में नवनियुक्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र दिया जाए एवं भविष्य की रणनीति पर चर्चा किया जाएगा

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श आज भी सुशासन और नारी सशक्तिकरण की प्रेरणा : रविंद्र इंद्राज सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर बेगमपुर में आयोजित भव्य शोभायात्रा एवं जयंती समारोह में दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने सहभागिता कर लोकमाता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभा को संबोधित करते हुए रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सेवा, सुशासन, न्याय, नारी सम्मान और जनकल्याण के आदर्शों का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एक शासक के रूप में अहिल्याबाई ने समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और अपने कार्यों से यह सिद्ध किया कि संवेदनशील नेतृत्व ही वास्तविक सुशासन का आधार होता है। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने भारत की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में असाधारण योगदान दिया। देशभर में मंदिरों, घाटों



पुरुषों में ज्वेरेव जीते, कैस्पर रूड बाहर –पुरुष एकल वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जेस्पर डी जोंग को सीधे सेटों में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

कोस्त्युक का मैच स्वितोलिना होगा

क्वार्टर फाइनल में कोस्त्युक का सामना यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से होगा। स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच को हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई। इस मुकाबले की विजेता ओपन एरा में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली यूक्रेनी महिला खिलाड़ी बनेगी।एक अन्य मैच में रोमानिया की सोराना सिर्स्तेआ ने चीन की वांग शियू को 6-3, 7-6 (4) से हराकर 17 साल बाद रोलां गैरो के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यह उनके करियर का तीसरा ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है। अब उनका सामना रूस की मीरा एंड्रीवा से होगा। एंड्रीवा ने जिल टाइखमान को 6-3, 6-2 से हराया।

ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका ने कैस्पर रूड को 7-5, 7-6 (6), 5-7, 6-2 से हराकर पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पीएसजी बना यूरोप का बादशाह, पेनल्टी शूटआउट में आर्सेनल को हराकर जीता खिताब

एरिना (एजेंसी)। बुडापेस्ट के पुस्कास एरिना में खेले गए रोमांचक चैंपियंस लीग फाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने आर्सेनल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। शनिवार को खेले गए इस मुकाबले में निर्धारित 90 मिनट और अतिरिक्त समय समाप्त होने तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। इसके बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से किया गया। शूटआउट में

पीएसजी ने 4-3 से जीत दर्ज की। मैच का निर्णायक पल तब आया जब आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगालहेस अपनी टीम की आखिरी पेनल्टी को गोलपोस्ट के ऊपर मार बैठे। उनकी यह चूक आर्सेनल पर भारी पड़ गई और पीएसजी ने खिताब जीत लिया। पूरे मैच के दौरान दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। आर्सेनल ने पीएसजी को कड़ी चुनौती दी, लेकिन पेनल्टी शूटआउट में फ्रांसीसी क्लब ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ पीएसजी ने लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग का खिताब जीतकर यूरोपीय फुटबॉल में अपनी बादशाहत कायम रखी।

आरसीबी ने लगातार दूसरी बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद लिया बड़ा फैसला

नहीं निकलेगी विजय परेड

अहमदाबाद (एजेंसी)। पिछले साल की भगदड़ और 11 लोगों की मौत को ध्यान में रखते हुए रॉयल चैलेंज बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार दूसरी खिताबी जीत के लिए विजय परेड नहीं निकालने का फैसला किया है। रॉयल चैलेंजर्स ने रविवार को यहां गुजरात टाइटन्स को 5 विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीता। आरसीबी ने यह निर्णय कर्नाटक के नवनियुक्त मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह को ध्यान में रखते हुए भी लिया जो लोक भवन में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल चार जून को जल्दबाजी में निकाले गए विजय जुलूस के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास 11 प्रशंसकों की मौत हो गई थी। आरसीबी के एक सूत्र ने कहा, बेंगलुरु में किसी भी प्रकार का जश्न मनाने की संभावना बहुत कम है। कुछ दिशानिर्देश निर्धारित हैं और हमें उनका पालन करना होगा। इस बीच बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमंथ कुमार सिंह ने कहा, हम किसी भी प्रकार के सार्वजनिक समारोह की अनुमति नहीं देंगे। यदि कोई जश्न मनाना चाहता है तो वह घर के अंदर मना सकता है।

आरसीबी पर पैसों की बारिश, जीटी भी मालामाल

चैंपियन बेंगलुरु को 20 करोड़,गुजरात को 12.50 करोड़ मिले,वैभव सूर्यवंशी को 5 अवॉर्ड से 45 लाख और कार मिली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का समापन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की शानदार जीत के साथ हुआ। 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के साथ टीम ने इतिहास में अपना नाम और भी मजबूत कर लिया। खिताब के साथ-साथ आरसीबी पर इनामी राशि की भी बारिश हुई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस सीजन में भी करोड़ों रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की, जिससे शीर्ष टीमों और खिलाड़ियों को बड़ा आर्थिक लाभ मिला।

एक-दो नहीं, वैभव सूर्यवंशी ने जीते 5 अवॉर्ड्स

अहमदाबाद (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरू होने से लेकर खत्म होने तक एक नाम जो सुर्खियों में बना रहा वह है वैभव सूर्यवंशी। छोटी उम्र में प्रतिभा के साथ-साथ उसे इस्तेमाल करने की कला ने सूर्यवंशी को कई रिकॉर्ड्स तोड़ने में मदद की और अवॉर्ड्स पर अपना दबदबा बनाने में कामयाब किया। सूर्यवंशी को एक-दो नहीं बल्कि कुल पांच ऑवर्ड्स मिले जिसमें मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीज़न, सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीज़न, ऑरेंज कैप विनर और सुपर सिक्सेस ऑफ द सीजन शामिल है। बिहार में जन्मे 15 साल के इस बल्लेबाज ने राजस्थान रॉयल्स के लिए एक शानदार टूर्नामेंट खेला। उन्होंने सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के तौर पर टूर्नामेंट खत्म किया और 237.30 के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से कुल 776 रन बनाए। सूर्यवंशी के 72 छक्के एक आईपीएल सीजन में किसी भी अन्य बल्लेबाज से कही ज्यादा है। पिछला रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था जिन्होंने एक आईपीएल सीजन में 59 छक्के लगाए थे।

मुझे टेस्ट क्रिकेट खेलना है, वैभव सूर्यवंशी ने गावस्कर के सामने बताया भविष्य का लक्ष्य

आईपीएल 2026 में अपने धमाकेदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने करियर को लेकर बड़ा बयान दिया है। महज 15 साल की उम्र में ऑरेंज कैप जीतने वाले वैभव ने स्पष्ट कर दिया है कि उनका अंतिम लक्ष्य सिर्फ टी20 क्रिकेट तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं। आईपीएल 2026 फाइनल के बाद अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर से बातचीत के दौरान वैभव ने अपने भविष्य की योजनाओं और लाल गेंद क्रिकेट के प्रति अपने जुनून के बारे में खुलकर बात की।

लाल गेंद से भी कर रहे हैं जमकर तैयारी – वैभव सूर्यवंशी ने खुलासा किया कि लोग उन्हें सिर्फ टी20 क्रिकेट का आक्रामक बल्लेबाज समझते हैं, लेकिन वह लंबे समय से लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहे हैं।उन्होंने कहा, अभी अगला असाइनमेंट वनडे फॉर्मेट में है, इसलिए मुझे मैदान पर जाकर तैयारी करनी होगी।

आईपीएल 2026 अवॉर्ड्स लिस्ट

- फाइनल का 'प्लेयर ऑफ द मैच' - विराट कोहली
- सीजन का 'इमर्जिंग प्लेयर' - वैभव सूर्यवंशी
- सीजन का 'सुपर स्ट्राइकर' - वैभव सूर्यवंशी
- सीजन के 'सुपर सिक्सेस'- वैभव सूर्यवंशी
- सीजन की ग्रीन डॉट बॉल्स - मोहम्मद सिराज
- सीजन का बेस्ट कैच - मनीष पांडे
- फेयरप्ले अवॉर्ड - पंजाब किंग्स
- पर्पल कैप - कगिसो रबाडा
- ऑरेंज कैप - वैभव सूर्यवंशी
- मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर -वैभव सूर्यवंशी

व्यक्तिगत पुरस्कारों में छाए वैभव सूर्यवंशी

- ऑरेंज कैप विजेता - वैभव सूर्यवंशी- 10 लाख
- पर्पल कैप विजेता - कगिसो रबाडा- 10 लाख
- मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (एमवीपी) - वैभव सूर्यवंशी- 10 लाख
- इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन - वैभव सूर्यवंशी- 20 लाख

भारतीय फुटबॉल फैंस के लिए खुशखबरी

लाइव देख पाएंगे फीफा विश्व कप के मैच, ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर मिला

नई दिल्ली(एजेंसी)। फीफा विश्व कप 2026 के शुरू होने में दो हफ्तों से भी कम का समय बचा हुआ है। अब आखिरकार टूर्नामेंट को भारत में ऑफिसियल ब्रॉडकास्टर मिल गया है। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने फीफा के साथ विश्व कप के आठ साल के मीडिया राइट्स के लिए समझौता कर लिया है। फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन कनाडा, अमेरिका और मैक्सिको में होना है। 2026 के साथ ही 2030 फीफा विश्व कप का प्रसारण भी जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के पास रहेगा। इसके साथ ही 2027 और 2031 महिला फीफा विश्व कप के राइट्स भी इसमें शामिल हैं। फीफा और जी डील पक्की हो गई है, लेकिन इसकी कीमत का पता नहीं चला है।

फीफा विश्व कप 2026 में 48 टीमें

फीफा विश्व कप 2026 की 48 टीमें हिस्सा ले रही हैं। यह एक फीफा विश्व कप में टीमों की सबसे ज्यादा संख्या है। टीमों को 4-4 के 12 ग्रुप में बांटा गया है। हर टीम अपने ग्रुप की अन्य तीनों टीमों से एक-एक मुकाबला खेलेगी। हर ग्रुप की टॉप दो टीमों के साथ ही तीसरे स्थान पर रहने वाली आठ सर्वश्रेष्ठ टीमें राउंड ऑफ 32 में जाएंगी। अभी तक ग्रुप राउंड के बाद सीधे राउंड ऑफ 16 होता था। चैंपियन बनने वाली टीम को पिछले विश्व कप के मुकाबले एक ज्यादा 8 मैच खेलना होगा।

युवाओं के लिए सबक है विराट की पारी...

फाइनल में कोहली के तूफान के बाद बचपन के कोच राजकुमार शर्मा का बड़ा बयान

नई दिल्ली(एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की चौतरफा तारीफ हो रही है। इसी कड़ी में उनके बचपन के कोच राजकुमार शर्मा ने कोहली की इस ऐतिहासिक पारी को युवा क्रिकेटरों के लिए एक बेहतरीन सबक बताया है। शर्मा का मानना है कि आईपीएल फाइनल में इस स्टार बल्लेबाज के शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सिर्फ अंधाधुंध ताकत का इस्तेमाल ही सब कुछ नहीं है, बल्कि मजबूत तकनीक और धैर्य का भी कोई सानी नहीं है।

अच्छी तकनीक और धैर्य ही सफलता की कुंजी – राजकुमार शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट में लंबी रेस का घोड़ा बनने के लिए तकनीक और मानसिक मजबूती सबसे ज्यादा जरूरी है। उन्होंने आगे कहा, अगर आपके पास बेहतरीन तकनीक और मजबूत जज्बा है, और आप दबाव की स्थिति में भी मैदान पर अपना धैर्य नाए रख सकते हैं, तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। यही वह खूबी है जो विराट इतने लंबे समय से अपनी फेंचाइजी के साथ-साथ भारतीय क्रिकेट टीम के लिए लगातार करते आ रहे हैं। वह आज के युवाओं के लिए एक आदर्श उदाहरण हैं कि आधुनिक टी20 क्रिकेट को कैसे समझदारी से खेला जाता है।

फाइनल में कोहली का विराट प्रदर्शन – आपको बता दें कि इस फाइनल मुकाबले में जब आरसीबी लक्ष्य का पीछा करने उतरी, तो विराट कोहली ने शुरू से ही मोर्चा संभाल लिया था। उन्होंने मैदान के चारों तरफ क्लासिक क्रिकेटिंग शॉट्स खेले और टूर्नामेंट की अपनी सबसे तेज फिफ्टी भी ठोकी।

- **सिर्फ छक्के मारने का नाम टी20 नहीं** – गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में विराट कोहली ने महज 42 गेंदों पर नाबाद 75 रनों की जांबाज पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 3 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उनकी इस पारी की बदौलत आरसीबी ने 156 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। कोहली की इस मैच जिताऊ पारी पर खुशी जाहिर करते हुए कोच राजकुमार शर्मा ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा, आज के युवा खिलाड़ियों के लिए विराट की यह पारी एक बड़ा सबक है। युवाओं को यह समझना होगा कि टी20 प्रारूप केवल पावर हिटिंग या हर गेंद पर छक्के मारने तक ही सीमित नहीं है।

श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान

नई दिल्ली(एजेंसी)। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। शिमरोन हेटमायर की वनडे टीम में वापसी हुई है। माना जा रहा है कि अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए ही हेटमायर को वनडे टीम में जगह दी गई है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि हेटमायर तीसरे और आखिरी मैच से पहले टीम में शामिल होंगे। टीम में तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ की भी वापसी हुई है, जो जुलाई 2025 से पीठ की चोट के कारण बाहर थे। इसके साथ ही गुडाकेश मोती को भी जगह दी गई है, जो नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में नहीं खेल पाए थे।

डैरेन सैमी ने कही ये बात – सैमी के अनुसार, वेस्टइंडीज की कोशिश निडर, लेकिन समझदारी भरा क्रिकेट खेलने की है और टीम अपनी एक मजबूत पहचान बनाना चाहती है। कोच ने आगे कहा कि उनका लक्ष्य घरेलू मैदान को टीम का मजबूत किला बनाना है, जहां विरोधी टीमों के लिए जीत हासिल करना मुश्किल हो। इसके लिए वह चाहते हैं कि पूरी टीम मिलकर लगातार अच्छा प्रदर्शन करे और जीत में अहम योगदान दे। टीम किसी एक खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन पर निर्भर रहने के बजाय सामूहिक प्रयास से सफलता हासिल करना चाहती है। उन्होंने बताया कि पिछले 18 महीनों से टीम इसी सोच के साथ काम कर रही है। 3, 6 और 8 जून को श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मुकाबलों के बाद दोनों टीमें जमैका में ही तीन टी20 इंटरनेशनल मैच खेलेंगी, जिसके बाद एंटीगुआ में दो टेस्ट मैच भी खेले जाएंगे।

इंजरी के बाद जोसेफ का कमबैक

जोसेफ पीठ की चोट से उबरने के बाद पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेलने मैदान पर उतरेंगे। यह सीरीज 3-8 जून को जमैका के सबीना पार्क में होगी। इस मुकाबले के साथ वेस्टइंडीज 2027 वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने के अपने अभियान की अहम शुरुआत करेगा। वेस्टइंडीज के कोच डैरेन सैमी ने कहा कि श्रीलंका एक मजबूत और अनुशासित वनडे टीम है। उनके खिलाड़ी हालात के अनुसार धैर्य और समझदारी से खेलना जानते हैं। उन्होंने कहा कि यह सीरीज उनकी टीम के लिए अपने खेल का स्तर तय करने का अच्छा मौका है।

इंस्पेक्टर अविनाश 2 का रोल मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इन दिनों क्राइम और एक्शन से भरपूर वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' चर्चा में बनी हुई है। इस सीरीज में अभिनेत्री अकांक्षा पुरी 'मीतू पंजाबी' नाम की एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जो पहले डांसर होती है और बाद में पुलिस की मुखबिर बन जाती है। उनके अभिनय की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। इस बीच आकांक्षा ने अपने किरदार, अभिनय अनुभव और रणदीप हुड्डा के साथ काम करने को लेकर खुलकर बात की। अकांक्षा पुरी ने कहा, ''मैं लंबे समय से कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण करना चाहती थी। 'मीतू पंजाबी' का किरदार निडर, मजबूत और भावनात्मक रूप से काफी गहरा है। इस किरदार ने मुझे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलने का मौका दिया। एक कलाकार के तौर पर मैंने अपने अंदर के मजबूत पहलू को इस किरदार के जरिए महसूस किया।''

आकांक्षा ने कहा, 'मीतू पंजाबी' मेरे अंदर कई तरह की भावनाएं लेकर आई। इस भूमिका को निभाने के लिए मुझे किरदार की भावनाओं को गहराई से समझना पड़ा। इस किरदार ने मुझे खुद का नया रूप खोजने का मौका दिया।''

अकांक्षा पुरी ने अपने सह-कलाकार रणदीप हुड्डा की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, ''रणदीप हर सीन में पूरी सच्चाई और ईमानदारी के साथ अभिनय करते हैं। उनके साथ काम करते समय खुद भी ज्यादा ध्यान और मेहनत के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। वह अपने हर सीन में पूरी सच्चाई लेकर आते हैं। उनके साथ काम करना बेहद खास अनुभव रहा, क्योंकि उनके साथ अभिनय करते हुए आप खुद भी अपने काम में और ज्यादा डूब जाते हैं।''

वहीं सीरीज के निर्देशक नीरज पाठक ने भी रणदीप हुड्डा की तारीफ की। उन्होंने कहा, ''रणदीप की मेहनत और काम के प्रति समर्पण देखकर अब मुझे दूसरे कलाकारों से भी वैसी ही उम्मीद होने लगी है।'' नीरज पाठक ने बातचीत के दौरान दिवंगत अभिनेता इरफान खान को भी याद किया। उन्होंने कहा, ''मेरा इरफान खान के साथ बहुत पुराना रिश्ता रहा है। मैंने उनके साथ दूरदर्शन के एक पुराने शो में काम किया था। उस दौरान मैंने उनसे वादा किया था कि जब भी मैं फिल्म बनाऊंगा, उन्हें जरूर उसमें लूंगा।'' नीरज पाठक ने फिल्म 'राइट या रॉन्ग' बनाई थी, जिसमें सनी देओल और इरफान खान दोनों नजर आए थे।

'धुरंधर' के बाद अर्जुन रामपाल का बड़ा धमाका, डीजे टूर का ऐलान

अर्जुन रामपाल ने हाल ही में 'धुरंधर' में अपने नेगेटिव किरदार से शानदार धमाका किया था, और अब वह एक और बड़ा धमाका करने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार एक्टिंग नहीं, बल्कि डीजे कंसोल के पीछे से। अर्जुन ने नॉर्थ अमेरिका में अपने डीजे टूर का ऐलान किया है।

कब और कहां परफॉर्म करेंगे अर्जुन रामपाल?

बड़े स्टेज, जबरदस्त एनर्जी और शानदार नाइट्स के साथ अर्जुन अपनी टूर की शुरुआत 28 मई को अटलांटा से करेंगे। इसके बाद 29 मई को सैन फ्रांसिस्को, 30 मई को ह्यूस्टन, 31 मई को डलास, 4 जून को शिकागो, 5 जून को वॉशिंगटन डीसी, 6 जून को न्यूयॉर्क, 7 जून को टोरंटो, 11 जून को वैंकूवर और 13 जून को लॉस एंजेलिस में परफॉर्म करेंगे। अर्जुन ने अपने इंस्टाग्राम पर टूर की जानकारी शेयर करते हुए लिखा, 'नॉर्थ अमेरिका, अब तुम्हारी बारी है! यूएसए और कनाडा में रैम्पेज टूर अगले हफ्ते शुरू होने जा रहा है, और हम आपके लिए एक यादगार अनुभव लेकर पूरी तरह तैयार हैं।'

अर्जुन रामपाल का वर्कफ्रंट

अर्जुन रामपाल हाल ही में धुरंधर 2 में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने मैजर इकबाल का किरदार निभाया था। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही। इस फिल्म में उनके अलावा रणवीर सिंह, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी लीड रोल में थे।

फिर साथ दिख सकती है माधुरी दीक्षित और अनिल कपूर की सुपरहिट जोड़ी

हिंदी सिनेमा की मशहूर जोड़ी माधुरी दीक्षित और अनिल कपूर ने 80 और 90 के दशक में कई सुपरहिट फिल्मों में साथ काम किया और अपनी शानदार केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीत लिया। अब एक बार फिर इस जोड़ी को लेकर चर्चा तेज हो गई है। दरअसल, निर्देशक सुरेश त्रिवेणी ने बताया कि आने वाले समय में माधुरी और अनिल कपूर एक बार फिर एक प्रोजेक्ट में साथ नजर आ सकते हैं। सुरेश त्रिवेणी इन दिनों अपनी नई सीरीज 'मां बहन' को लेकर चर्चा में हैं। शो के ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। इसी दौरान उन्होंने कहा, ''मेरे लिए यह साल बेहद खास रहा, क्योंकि मुझे एक ही साल में दो बड़े सितारों के साथ काम करने का मौका मिला। एक तरफ मैंने अनिल कपूर के साथ सीरीज 'सूबेदार' में काम किया, वहीं दूसरी तरफ अब मैं माधुरी दीक्षित के साथ 'मां बहन' में काम कर रहा हूं। यह मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा अनुभव है।'' सुरेश त्रिवेणी ने माधुरी और अनिल कपूर की जोड़ी को लेकर भी दिलचस्प बात कही। उन्होंने कहा, 'मैं दोनों को फिर से एक साथ पर्दे पर लाना चाहता हूं। माधुरी और अनिल कपूर की जोड़ी स्क्रीन पर कमाल लगती है, और अगर मुझे मौका मिला तो मैं जरूर दोनों को साथ लेकर कुछ नया बनाने की कोशिश करूंगा।

सिर्फ डेविड धवन की फिल्म से ही कॉमेडी जॉनर में कदम रखना थी

मृणाल ठाकुर अब पहली बार डायरेक्टर डेविड धवन की कॉमेडी दुनिया का हिस्सा बनने जा रही हैं। उनकी नई फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' एक फुल ऑन रोमांटिक-कॉमेडी एंटरटेनर है, जिसमें मृणाल का बिल्कुल अलग अंदाज देखने को मिलेगा। अब तक मृणाल को ज्यादातर सीरियस, इमोशनल और थ्रिलर फिल्मों में देखा गया है। लेकिन इस बार वो कॉमेडी और मस्ती से भरी कहानी में नजर आएंगी। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के दौरान मृणाल ने बताया कि अगर उन्हें कॉमेडी जॉनर में कदम रखना था, तो वो सिर्फ डेविड धवन की फिल्म से ही करना चाहती थीं। मृणाल ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'डेविड सर, काश मैं आपसे अपने करियर में बहुत पहले मिली होती। तब शायद मुझे आपके साथ और भी ज्यादा फिल्में करने का मौका मिलता। मेरे मन में तो यही चल रहा था कि सर कम से कम तीन फिल्मों के लिए मुझे साइन कर लीजिए।' एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि इस फिल्म में काम करने के बाद उनकी कॉमिक टाइमिंग पहले से काफी बेहतर हो गई है। उन्होंने इस अनुभव को अपने करियर के लिए बेहद खास बताया। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, पूजा हेगड़े, मृणाल ठाकुर और मनीष कॉल पहली बार साथ नजर आने वाले हैं।



शादी और उम्र पर ट्रोल करने पर भड़कीं शमिता शेट्टी

शिल्पा शेट्टी की बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी उम्र और शादी को लेकर कमेंट करने वाले ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए शमिता ने उन लोगों पर निशाना साधा जो सिंगल महिलाओं को ऐज-शेम करते हैं। 47 वर्षीय शमिता ने कहा कि वे शादी करने की किसी जल्दबाजी में नहीं हैं और अपनी जिंदगी में बेहद फिट और खुश हैं। उन्होंने ट्रोलर्स की पुरुष-प्रधान और पिछड़ी सोच पर आपत्ति जताते हुए उन्हें तुरंत अनफॉलो करने की सलाह दी है।

कमेंट करने वाले को कहा- बदलाव प्राकृतिक है शमिता शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ट्रोलर की पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसमें यूजर ने लिखा था कि आपकी उम्र हो गई है और अब पहले वाली बात नहीं रही। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शमिता ने लिखा, 'हां, मैं अब अलग दिखूंगी। समय के साथ चीजें बदलती हैं और यह जीवन का प्राकृतिक नियम है। शारीरिक बनावट सहित कुछ भी हमेशा के लिए एक जैसा नहीं रहता। लेकिन अपनी उम्र के हिसाब से मैं पूरी तरह स्वस्थ, फिट और खुश हूं। मेरे लिए सिर्फ यही मायने रखता है।' यूजर ने शमिता की शादी को लेकर भी टिप्पणी की थी कि अगर समय पर शादी कर लेतीं तो आज बच्चे बड़े हो गए होते। इस पर शमिता ने तीखा पलटवार करते हुए पूछा, 'तो? आपने शादी करके क्या उखाड़ लिया है भाई? सबसे जरूरी बात यह है कि आप लोग सिंगल महिलाओं को फॉलो ही क्यों करते हैं? सिर्फ इसलिए ताकि उन्हें ऐज-शेम कर सकें और उन पर अपनी पुरुष-प्रधान और आदिमानव जैसी पिछड़ी सोच थोप सकें? कृपया मुझ पर एक अहसान करें और मुझे तुरंत अनफॉलो कर दें।'

बड़ी बहन शिल्पा शेट्टी से होती है तुलना

शमिता शेट्टी की बड़ी बहन और बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी 50 साल की हैं। शिल्पा शादीशुदा हैं और उनका एक 14 साल का बेटा है। शमिता ने पहले भी कई इंटरव्यू में साफ किया है कि वे सिर्फ शादी करने के नाम पर किसी से भी शादी नहीं करना चाहतीं।

मिर्जापुर ने मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल दी

दिव्येंदु शर्मा जल्द ही तेलुगु फिल्म 'पेड्डी' से टॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राम चरण भी हैं।

फिल्म की खास बात क्या लगी?

मुझे इस फिल्म में सबसे खास हमारे निर्देशक साहब लगे। जब मैं उनसे मिला, तो मुझे लगा कि मैं बहुत समय बाद किसी ऐसे इंसान से मिल रहा हूं, जो सच में एक कलाकार है और जिसका पूरा ध्यान सिर्फ एक अच्छी और ईमानदार फिल्म बनाने पर है। उन्होंने मुझसे कहा कि मेरा जो किरदार है। वह इस फिल्म में उनका सबसे पसंदीदा किरदार है और वह चाहते हैं कि उसे मैं ही निभाऊं। उसी समय मैंने लगभग तय कर लिया था कि मैं यह फिल्म करूंगा।

रोल की तैयारी कैसे की थी

अगर तैयारी की बात करूं, तो मेरे लिए हर किरदार की प्रक्रिया लगभग एक जैसी रहती है। सबसे पहले मैं कहानी और अपने किरदार को बहुत ध्यान से पढ़ता हूं। जब आप किसी किरदार को पढ़ते हैं, तो धीरे-धीरे आपके दिमाग में उस इंसान की एक छवि बनने लगती है, वह कैसा होगा, कैसे बात करता होगा, उसकी सोच और व्यवहार कैसा होगा। उसके बाद कोशिश यही रहती है कि उस किरदार को पर्दे पर इस तरह उतारा जाए कि दर्शक उससे जुड़ाव महसूस कर सकें और उसे वास्तविक मानें। फिल्म में काम करके काफी मजा भी आया।

राम चरण के साथ काम करके आपको कैसा लगा

राम चरण के साथ काम करने का अनुभव बेहद शानदार रहा। वह बहुत सहज, विनम्र और नर्मदिल इंसान हैं। जब मैं उनसे पहली बार मिला, तो मुझे बिल्कुल महसूस नहीं हुआ कि मैं इतने बड़े स्टार से मिल रहा हूं। उन्होंने कभी भी अपने स्टारडम को काम के बीच नहीं आने दिया और सेट पर हमेशा एक सहयोगी कलाकार की तरह पेश आए। उन्होंने मुझसे कहा कि वह प्यार का पंचनामा के समय से मेरा काम देखते आ रहे हैं।

भाषा पर कितना काम किया?

बिल्कुल, मुझे भाषा पर काफी काम करना पड़ा। मैं यह नहीं कहूंगा कि मैंने पूरी तरह तेलुगु भाषा सीख ली, लेकिन अपने डायलॉग्स पर मैंने बहुत मेहनत की। मैं उन्हें बार-बार याद करता था और सही तरीके से बोलने की कोशिश करता था। मेरे पास एक कोच भी थे, जो मुझे बताते थे कि किसी लाइन को सही भाव और उच्चारण के साथ कैसे बोला जा सकता है। उन्हें समझाता था मैंने अपने किरदार को अपने दिमाग में किस तरह बनाया है और मैं किसी संवाद को किस अंदाज में कहना चाहता हूं, ताकि वह उसी हिसाब से मेरी मदद कर सकें। कोच के साथ घंटों प्रैक्टिस करता था।

वेब सीरीज मिर्जापुर ने जिंदगी किस तरह बदली

'मिर्जापुर' ने मेरी जिंदगी पूरी तरह बदल दी। उस सीरीज ने मुझे जितना प्यार और सम्मान दिया, वह मेरे लिए बहुत खास है। उसने मेरे अभिनय को देशभर के दर्शकों तक पहुंचाया और लोगों ने मेरे काम को दिल से सराहा। सबसे अच्छी बात यह रही कि सिर्फ दर्शकों से ही नहीं, बल्कि इंडस्ट्री के लोगों से भी मुझे बहुत प्यार मिला। उसी सीरीज की वजह से मेरे पास कई फिल्मों के प्रस्ताव आए और करियर में नए अवसर खुले। इसलिए मैं हमेशा उस शो का शुक्रगुजार रहूंगा।

फिल्मों में कंटेंट ही सब कुछ है

जी हां, मैं इस बात से पूरी तरह सहमत हूं। आज के समय में सिर्फ बड़ा नाम किसी फिल्म को सफल नहीं बना सकता। दर्शक अब बहुत जागरूक हो गए हैं और वे फिल्म देखने से पहले उसके ट्रेलर, कहानी और प्रस्तुति पर ध्यान देते हैं। अगर लोगों को ट्रेलर और कंटेंट पसंद आता है, तभी वे फिल्म देखने का मन बनाते हैं। उसके बाद दर्शकों की प्रतिक्रिया और 'वर्ड ऑफ माउथ' बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। लोग एक-दूसरे को बताते हैं कि कौन-सी फिल्म देखने लायक है और कौन-सी नहीं।

संक्षिप्त समाचार

म्यांमार हादसे में 55 लोगों की मौत, 100 से ज्यादा मकान तबाह; राहत और बचाव कार्य जारी

यंगून, एजेंसी। म्यांमार के शान प्रांत में हुए एक भीषण विस्फोट में कम से कम 55 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, हादसा रविवार दोपहर चीन सीमा के निकट नामखाम टाउनशिप के काउंग तात गांव में हुआ। विद्रोही संगठन ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि विस्फोट खनन कार्यों के लिए कथित रूप से जमा किए गए विस्फोटक पदार्थों में लापरवाही से हुए धमाके के कारण हुआ। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, विस्फोट ने पूरे गांव में भारी तबाही मचाई है। मृतकों में 25 महिलाएं और 30 पुरुष शामिल हैं। हादसे के बाद राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि क्षतिग्रस्त इमारतों और तबाह मकानों से शव निकाले जा रहे हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, विस्फोट में 100 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हो गए। गांव का एक हिस्सा पूरी तरह तबाह हो गया है और अनेक परिवार बेघर हो गए हैं। टीएनएलए के राजनीतिक संगठन पलाउंग स्टेट लिबरेशन फ्रंट ने टेलीग्राम पर जारी बयान में मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घटना की जांच करने की जानकारी दी। संगठन ने कहा कि विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है और घटना के जिम्मेदार लोगों या संस्था के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीएनएलए ने प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है। वहीं, स्थानीय प्रशासन और राहत एजेंसियां नुकसान का आकलन करने में जुटी हैं, जबकि बचावकर्मी हादसे में जीवित लोगों की तलाश में अभियान चला रहे हैं।

अब क्या चाहते हैं ट्रंप? : माउंट रशमोर में जगह पाने की चाह, अमेरिकी राष्ट्रपति ने शेयर की एआई से बनी तस्वीर

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर माउंट रशमोर में अपनी जगह बनाने की बहस को हवा दे दी है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक एआई से तैयार की गई तस्वीर साझा की है, जिसमें उनका चेहरा अमेरिका के चार ऐतिहासिक राष्ट्रपतियों के साथ माउंट रशमोर स्मारक पर दिखाई दे रहा है। इस तस्वीर में ट्रंप को जॉर्ज वॉशिंगटन, थॉमस जेफरसन, थियोडोर रूजवेल्ट और अब्राहम लिंकन के साथ दिखाया गया है। खास बात यह रही कि ट्रंप ने इस तस्वीर के साथ कोई टिप्पणी या संदेश साझा नहीं किया। माउंट रशमोर नेशनल मेमोरियल दक्षिण डकोटा के कीस्टोन स्थित ब्लैक हिल्स क्षेत्र में ग्रेनाइट चट्टानों पर उकेरा गया एक विशाल स्मारक है। यहां अमेरिका के चार पूर्व राष्ट्रपतियों के 60 फुट ऊंचे चेहरे तराशे गए हैं। यह स्मारक अमेरिका के जन्म, क्षेत्रीय विस्तार, आर्थिक प्रगति और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्थिरता का प्रतीक माना जाता है। स्मारक के मूल मूर्तिकार गुटजोन बोर्ग्लम ने इन चार राष्ट्रपतियों का चयन अमेरिका के पहले 150 वर्षों के इतिहास को दर्शाने के उद्देश्य से किया था। जॉर्ज वॉशिंगटन को अमेरिकी गणराज्य की स्थापना और स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक माना गया, जबकि थॉमस जेफरसन देश के क्षेत्रीय विस्तार का प्रतिनिधित्व करते हैं। थियोडोर रूजवेल्ट को राष्ट्रीय विकास और वैश्विक मंच पर अमेरिका के उभार के प्रतीक के रूप में शामिल किया गया था। वहीं, अब्राहम लिंकन को अमेरिकी गृहयुद्ध के दौरान देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया।

पीएसजी के चैंपियन बनते ही सुलग उठा फ्रांस : आधी रात को रणक्षेत्र बनीं सड़कें, हिंसा बाद सैकड़ों हुड़दंगी गिरफ्तार

पेरिस, एजेंसी। पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने चैंपियंस लीग के फाइनल में आर्सेनल को हरा दिया। इस जीत के बाद पूरे फ्रांस में भारी दंगे भड़क गए। फुटबॉल फैंस और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं। इस हिंसा में कुल 219 लोग घायल हो गए हैं। आंतरिक मंत्री लॉरेंट नुनेज ने बताया कि आठ लोगों की हालत बहुत गंभीर है। पेरिस में दंगाइयों ने बस, ट्रेन और रेल सेवा को रोक दिया। उपद्रवियों को काबू करने में 57 पुलिसकर्मी भी जख्मी हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा के आरोप में 780 लोग गिरफ्तार हुए हैं। इनमें से 450 से ज्यादा लोग अभी पुलिस की हिरासत में हैं। दंगाइयों ने पेरिस के रिंग रोड को जाम करने की कोशिश की। इसी दौरान एक सड़क हादसे में 24 साल के एक युवक की मौत हो गई। गवाहों के अनुसार वह मोटरसाइकिल से कंक्रीट के ब्लॉक से टकरा गया था। एक अन्य इलाके में हुई लड़ाई में एक किशोर भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। अकेले पेरिस से 480 लोग गिरफ्तार हुए हैं, जिनमें 82 नाबालिग हैं। इन पर पुलिस पर हमला करने, संपत्ति तोड़ने, चोरी और हथियार रखने के आरोप हैं। मैच में पेनल्टी शूटआउट के जरिए जीत के बाद चांस-एलिजी सड़क पर हजारों फैंस जमा हो गए थे। वहां लोगों ने हुड़दंग मचाया, दुकानों के शीशे तोड़े और इलेक्ट्रिक बाइक जला दीं। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े।

दबाव बढ़ेगा तो पुतिन करेंगे बातचीत', जेलेंस्की की रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग

कीव, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक बार फिर दुनिया के देशों से रूस पर दबाव बढ़ाने की अपील की है। उनका कहना है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति वार्ता की मेज तक लाने के लिए और कड़े प्रतिबंध तथा अंतरराष्ट्रीय दबाव की जरूरत है। रूस-यूक्रेन युद्ध अब अपने पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है और जेलेंस्की लगातार युद्ध समाप्त करने के लिए नए कूटनीतिक रास्ते तलाश रहे हैं। एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा कि आने वाले छह महीनों में अगर यूक्रेन युद्धक्षेत्र में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करता है, तो भविष्य की किसी भी शांति वार्ता में उसकी स्थिति काफी मजबूत हो सकती है। उन्होंने कहा कि सर्दियों के आने से पहले किसी न किसी तरह कूटनीतिक रास्ता निकालकर बातचीत शुरू करनी होगी। उनका मानना है कि युद्ध को केवल सैन्य ताकत से नहीं बल्कि बातचीत के जरिए भी खत्म किया जा सकता है। इस बीच, अमेरिकी थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर (आईएसडब्ल्यू) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि युद्ध के मोर्चे पर हालात धीरे-धीरे यूक्रेन के पक्ष में बदलते दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार रूसी सेना की बढ़त की गति धीमी पड़ रही है, जबकि यूक्रेनी सेना नई रणनीतियों और आधुनिक युद्ध तकनीकों का इस्तेमाल कर रही है। हालांकि विशेषज्ञों ने यह भी कहा कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि यूक्रेन पूरी तरह से युद्ध का रुख बदल पाएगा या नहीं।

जेलेंस्की ने अमेरिका से अतिरिक्त सैन्य सहायता की भी मांग की है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी कांग्रेस को पत्र भेजकर पैट्रियट मिसाइल रक्षा प्रणाली के लिए और इंटरसेप्टर मिसाइलें उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। यह मांग उस समय की गई जब रूस ने हाल ही में कीव पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला किया। यूक्रेन का कहना है कि मौजूदा उत्पादन क्षमता उसकी जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है और पैट्रियट मिसाइलों की आपूर्ति बढ़ाई जानी चाहिए। अमेरिका के युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि हथियार और मिसाइल बनाने वाली कंपनियों को अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि यूक्रेन और उसके सहयोगियों की जरूरतें पूरी की जा सकें। हेगसेथ ने यह भी कहा कि यूरोपीय देशों ने भी यूक्रेन की मदद के लिए काफी संसाधन उपलब्ध कराए हैं और अमेरिका इस सहयोग का स्वागत करता है। आईएसडब्ल्यू ने चेतावनी दी है कि यूक्रेन के पास वर्तमान परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए सीमित समय है। संस्था का मानना है कि रूस इस समय युद्धक्षेत्र में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और यदि पश्चिमी देश अपनी सहायता बढ़ाते हैं तो यूक्रेन को महत्वपूर्ण रणनीतिक लाभ मिल सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस पर बढ़ता सैन्य और आर्थिक दबाव पुतिन को अपनी रणनीति पर दोबारा विचार करने के लिए मजबूर कर सकता है। कूटनीतिक मोर्चे पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्वीकार किया कि फिलहाल शांति वार्ता की प्रक्रिया धीमी पड़ गई है। हालांकि उन्होंने कहा कि यदि बातचीत के लिए कोई नया अवसर पैदा होता है तो अमेरिका फिर से सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार रहेगा। जेलेंस्की ने विश्वास जताया कि रूस अंततः किसी न किसी समझौते के लिए तैयार हो सकता है। उन्होंने कहा कि अतीत में अमेरिका की भागीदारी के साथ हुई बातचीत भविष्य की वार्ताओं का आधार बन सकती है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अमेरिकी अधिकारियों मार्को रुबियो, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर को कीव आने का निमंत्रण भी दिया है। उनका कहना है कि अमेरिकी प्रतिनिधियों को यूक्रेन आकर खुद हालात देखने चाहिए ताकि वे युद्ध की वास्तविक स्थिति को बेहतर ढंग से समझ सकें। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि इस तरह की यात्रा पर चर्चा हुई है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। जेलेंस्की का मानना है कि शांति वार्ता में केवल अमेरिका या केवल यूरोप की भूमिका पर्याप्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सबसे प्रभावी बातचीत वही होगी जिसमें यूक्रेन, रूस, अमेरिका और यूरोपीय देश सभी शामिल हों। उनके अनुसार, यही ऐसा मंच होगा जो स्थायी शांति का रास्ता तैयार कर सकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि यदि पुतिन बातचीत के लिए तैयार हों तो वह उनसे सीधे मिलने के लिए भी तैयार हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि इसके लिए रूस पर आर्थिक और राजनीतिक दबाव बढ़ाना जरूरी है। जेलेंस्की के मुताबिक अतिरिक्त प्रतिबंध और अंतरराष्ट्रीय दबाव रूस को बातचीत के लिए मजबूर कर सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि रूसी सेना को हर महीने लगभग 35 हजार सैनिकों के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, जिससे देश के भीतर भी दबाव बढ़ रहा है। रूस पर 2022 से कई अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाए जा चुके हैं, लेकिन ऊंची वैश्विक तेल कीमतों और कुछ विशेष परिस्थितियों के कारण रूस की अर्थव्यवस्था को पूरी तरह झटका नहीं लगा। इसके बावजूद जेलेंस्की को उम्मीद है कि अमेरिका भविष्य में और सख्त आर्थिक कदम उठाएगा। सैन्य तकनीक के क्षेत्र में भी यूक्रेन नए समझौतों की तैयारी कर रहा है। जेलेंस्की ने बताया कि उनके देश ने कुछ मध्य-पूर्वी और यूरोपीय देशों के साथ ड्रोन संबंधी समझौते किए हैं।

होर्मुज में अमेरिकी सेना का बड़ा एक्शन: अब तक 118 व्यापारिक जहाज खदेड़े, पांच को किया पंगु

वॉशिंगटन, एजेंसी। पश्चिम एशिया के समंदर में तनाव बहुत बढ़ गया है। अमेरिकी सेना ने ईरान के बंदरगाहों को पूरी तरह घेर लिया है। अमेरिकी सैन्य कमान (सेंटकॉम) ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने ईरान जाने और वहां से आने वाले 118 व्यापारिक जहाजों का रास्ता बदल दिया है। यही नहीं, अमेरिकी सेना की बात न मानने वाले पांच जहाजों को पूरी तरह अपाहिज यानी निष्क्रिय कर दिया गया है।

अमेरिका ने ईरान की यह नौसैनिक नाकेबंदी 13 अप्रैल को शुरू की थी। अमेरिकी सेना ने साफ चेतावनी दी है। वे ईरान के बंदरगाहों की तरफ आने-जाने वाले सभी जहाजों को रोकते रहेंगे। हैरत की बात यह है कि कार्रवाई तब हो रही है जब दोनों देश शांति की राह पर आने के लिए बातचीत भी कर रहे हैं।

ट्रंप ने पलटी बाजी, शर्तें कीं और कड़ी : कुछ दिन पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि समझौता लगभग तय है। लेकिन अब मामला अटक गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने अपने सलाहकारों के साथ दो घंटे बैठक की। इसके बाद ट्रंप ने समझौते का ड्राफ्ट वापस कर दिया। ट्रंप अब इस समझौते में और ज्यादा कड़ी शर्तें चाहते हैं।

ट्रंप चाहते हैं कि ईरान के परमाणु

कार्यक्रम पर सख्ती बरती जाए। वे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते को हमेशा खुला रखने की गारंटी चाहते हैं। ट्रंप ईरान को कोई आर्थिक राहत देने के पक्ष में नहीं हैं। वे ओबामा के समय हुए समझौते जैसी नरमी नहीं बरतना चाहते। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के समृद्ध यूरेनियम को जब्त कर नष्ट करेगा। वहीं ईरान इस पर बात करने को भी तैयार नहीं है।

ईरान का दो टूक जवाब-हम नहीं झुकेंगे : ईरान ने भी अमेरिका के सामने झुकने से साफ मना कर दिया है। तस्नीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने कहा कि जब तक उनके अधिकार सुरक्षित नहीं होंगे, वे कोई समझौता नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुश्मन के वादों पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। हमें ठोस नतीजे चाहिए। दूसरी तरफ अमेरिकी सीनेटर क्रिस कून्स का कहना है कि ट्रंप की शर्तें कागजों पर अच्छी हैं, लेकिन इन्हें जमीन पर लागू करना बहुत मुश्किल होगा।

ईरान समझौते के मसौदे में ट्रंप ने मांगे बड़े बदलाव, परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज पर सख्त शर्तें

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ प्रस्तावित समझौते के मसौदे को वापस भेजकर उसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव करने को कहा है। इससे दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत लंबी खिंच सकती है और समझौते को लेकर नई अनिश्चितता पैदा हो गई है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप ने अपने सलाहकारों के साथ हुई बैठक में ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर और अधिक सख्त शर्तें जोड़ने की मांग की है। साथ ही उन्होंने रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने को भी समझौते का अहम हिस्सा बनाने पर जोर दिया है। बताया जा रहा है कि ट्रंप ईरान को दिए जाने वाले आर्थिक राहत पैकेज को लेकर भी सतर्क हैं। उन्हें आशंका है कि अगर ईरान को ज्यादा वित्तीय रियायतें दी गईं तो इसकी तुलना पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के दौर के परमाणु समझौते से की जा सकती है, जिसकी ट्रंप पहले भी आलोचना कर चुके हैं। कुछ दिन पहले ही ट्रंप ने कहा था कि समझौता लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है और दोनों देशों के बीच तनाव जल्द खत्म हो सकता है। अमेरिकी अधिकारियों ने भी संकेत दिए थे कि एक ऐसा समझौता तैयार किया जा रहा है जिससे संघर्ष रुकेगा, होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से पूरी तरह खुलेगा और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर आगे की बातचीत का रास्ता बनेगा। हालांकि शुक्रवार को हुई करीब दो घंटे की बैठक के बाद भी कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि अमेरिका ईरान के उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम के भंडार को अपने कब्जे में लेकर नष्ट करना चाहता है। दूसरी ओर, ईरान का कहना है कि मौजूदा वार्ता में उसके परमाणु कार्यक्रम के तकनीकी विवरण पर चर्चा नहीं हो रही है। वित्तीय मुद्दों पर भी दोनों पक्षों में मतभेद बने हुए हैं। ट्रंप का कहना है कि समझौते में धन के आदान-प्रदान पर कोई चर्चा नहीं हुई, जबकि ईरान का मानना है कि किसी भी समझौते में आर्थिक प्रावधान शामिल होना जरूरी है। इस बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर कालिबाफ ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक ईरान के अधिकार और हित सुरक्षित नहीं किए जाते, तब तक अमेरिका के साथ किसी समझौते को मंजूरी नहीं दी जाएगी।

पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव, अमेरिका ने ईरान पर किए हवाई हमले; हिजबुल्ला पर लगे आरोप

वाशिंगटन, एजेंसी। पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। अमेरिका ने ईरान पर मिसाइलें दागी हैं। वहीं ईरान में राष्ट्रपति पेजेश्कियन के इस्तीफे को लेकर विवाद हो रहा है। ईरान के सरकारी चैनल पर जारी बयान में इस्तीफे का खंडन किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक तेहरान में हुए बवाल में कई लोग घायल हुए हैं। आक्रोशित जनता सड़कों पर उतर आई है। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि हिजबुल्ला, इस्राइल के साथ युद्धविराम की कोशिशों को कमजोर कर रहा है। अमेरिका का कहना है कि यह समूह हमले रोकने से इनकार कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने हाल ही में लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बातचीत की। यह बातचीत इस्राइल और लेबनान के बीच चल रहे कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा थी। एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, 'इस बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिका ने एक साफ योजना दी। जिसके तहत पहले हिजबुल्ला को इस्राइल पर सभी हमले रोकने होंगे। इसके बदले में इस्राइल भी बेरूत में किसी तरह की और सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा। इससे धीरे-धीरे तनाव कम करने और लड़ाई खत्म करने का रास्ता बनेगा।'

अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति जोसेफ आउन इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाना चाहते थे और सभी पक्षों के बीच सहमति बनवाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन यह कोशिश लेबनान के संसद अध्यक्ष नबीह बेरी के जवाब के बाद रुक गई। नबीह हिजबुल्ला के करीबी सहयोगी माने जाते हैं। अधिकारी के अनुसार, बेरी ने कहा कि वे हिजबुल्ला की तरफ से सीजफायर का भरोसा दिला सकते हैं, लेकिन उन्होंने शर्त रखी कि पहले इस्राइल को सैन्य कार्रवाई रोकनी होगी।

अमेरिका ने इस संघर्ष के लिए ईरान को भी जिम्मेदार ठहराया है। अधिकारी ने कहा, 'ईरान हिजबुल्ला को निर्देश दे रहा है। उसे लेबनान के लोगों की भलाई में कोई रुचि नहीं है। ईरान चाहता है कि यह संघर्ष लंबा चले ताकि वह बाद में स्थिति संभालने का श्रेय ले सके।'

ईरान का भी अमेरिका पर पलटवार का दावा : ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने बताया है कि अमेरिकी हमले के जवाब में उन्होंने भी अमेरिका के उन एयरबेस को निशाना बनाया है, जहां से ईरान पर हवाई हमले किए गए। हालांकि आईआरजीसी ने इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

कुवैत का दावा- उन पर हुए हवाई हमले : कुवैत ने दावा किया है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने देश की ओर बढ़ रहे ड्रोन और मिसाइलों को इंटरसेप्ट किया है। इन हमलों के दौरान कुवैत के कई इलाकों में विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं, जिन्हें कुवैती सेना ने इंटरसेप्शन ऑपरेशन का हिस्सा बताया। क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं।

ईरान पर अमेरिका ने किए हवाई हमले अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के रडार और ड्रोन कमांड ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। यह कार्रवाई तेहरान द्वारा अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन को मार गिराए जाने के बाद की गई। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, हमले ईरान की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में किए गए। हमलों में ईरान के ड्रोन नियंत्रण और रडार प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने एक बयान में कहा है कि उन्होंने ईरान के शहरों गोरुक और केशम में हमले किए हैं।

शादी के बाद हेलिकॉप्टर में भरी उड़ान, भारतीय मूल के युवक समेत पायलट की मौत; पत्नी बची

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में हुए एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में भारतीय मूल के एक युवक और पायलट की मौत हो गई। यह हादसा युवक की शादी के कुछ घंटों बाद ही हुआ। हेलिकॉप्टर दुर्घटना में नवविवाहिता पत्नी घायल हो गई। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सामने आई है।

डेल्टा एयर लाइंस में पायलट और अटलांटा निवासी 25 वर्षीय डेव फिजी बीते शुक्रवार को डॉसन काउंटी के डॉसनविल के पास एक पांच सीटों वाले रॉबिन्सन हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से मारे गए। उनकी पत्नी जेस्नी घायल हो गई और उन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

केरल से एर्नाकुलम से जाकर अमेरिका में बसा था परिवार : परिवार के अनुसार, डेव और जेस्नी ने उसी दिन डॉसनविल के पास स्थित द रिवेरे नाम के कार्यक्रम स्थल पर शादी की थी। समारोह में सैकड़ों मेहमान शामिल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, डेव के माता-पिता जॉर्ज और फेबा फिजी कई वर्ष पहले केरल के एर्नाकुलम जिले से अमेरिका आकर बस गए थे। जेस्नी का परिवार भी केरल के अलप्पुझा जिले से जुड़ा हुआ है।

बेटे की मौत के बाद पिता जॉर्ज फिजी ने कहा, 'वह हमारे लिए बेहद अनमोल बच्चा था, वह भगवान का दिया हुआ उपहार था।' उन्होंने कहा, 'हम कह सकते हैं कि यह एक आदर्श शादी थी। हम इससे अधिक कुछ नहीं मांग सकते थे।' हालांकि, इसके बाद परिस्थितियां अचानक बदल गईं।

पिता ने बताया कैसे हुआ हादसा : पिता ने बताया कि नवविवाहित जोड़े को हेलिकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल से निकलकर पीचट्री-डीकाल्ब एयरपोर्ट जाना था। हालांकि, समारोह के अंत तक मौसम खराब हो गया था। जॉर्ज फिजी के अनुसार, रात करीब 9:30 बजे समारोह समाप्त हुआ। इसके बाद कोहरे और बारिश की वजह से दृश्यता काफी कम हो गई थी। अनुभवी कमर्शियल पायलट डेव ऐसे मौसम में उड़ान को लेकर सहज नहीं थे। उनके पिता ने बताया, 'उसने कहा था कि मैं ऐसी दृश्यता में उड़ान नहीं भरूंगा।'

इसके बावजूद हेलिकॉप्टर ने उड़ान भरी। बताया गया कि पायलट ने अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरने का फैसला किया था। बाद में हेलीकॉप्टर डॉसनविल के दक्षिण-पश्चिम में घने जंगल और पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

पत्नी को मलबे से निकालने में लग गए पांच घंटे : जॉर्ज फिजी ने बताया कि जेस्नी मलबे और गिरे हुए पेड़ों के नीचे करीब पांच घंटे तक फंसी रहीं, जिसके बाद बचाव दल उन्हें निकाल सका। उन्होंने कहा, 'उसने बताया कि जब उसे होश आया तो वह मलबे के नीचे थी।' उन्होंने आगे कहा, 'उसने देखा कि डेव उसकी छाती पर पड़े हुए थे। वह खुद नर्स है। जब उसने उन्हें छुआ और आवाज लगाई तो पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी।' जेस्नी को कई जगह चोटें लगी हैं। हालांकि, डेव की मौत से वह गहरे सदमे में हैं। डॉसन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, शुक्रवार देर रात एक संभावित हेलिकॉप्टर दुर्घटना की सूचना मिली थी। बाद में संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने पुष्टि की कि रात करीब 10:30 बजे डॉसनविल के पास एक रॉबिन्सन आर66 हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें तीन लोग सवार थे।

लेबनान पर हमले रोके इस्राइल', ब्रिटेन ने हिजबुल्ला से भी की हथियार छोड़ने की मांग

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन की गृह सचिव यवेट कूपर ने लेबनान में इस्राइल की सैन्य कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने हिज्बुल्ला से पूर्ण रूप से हथियार छोड़ने और इस्राइल के खिलाफ हमले बंद करने का भी आग्रह किया है। यवेट कूपर ने एक्स पर जारी एक संदेश में पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा, 'इस्राइल की लेबनान में सैन्य बढ़ोतरी से नागरिकों की मौत हुई है, लोग विस्थापित हुए हैं, बुनियादी ढांचा तबाह हुआ है और कूटनीति के लिए जगह कम हुई है। इसे समाप्त होना चाहिए।

युद्धविराम का होना चाहिए सम्मान : यवेट कूपर : उन्होंने कहा कि सभी पक्षों को युद्धविराम का सम्मान करना चाहिए और ईमानदारी से बातचीत की प्रक्रिया में शामिल होना चाहिए। इस बीच अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल गैत ने भी लेबनान में इस्राइल की कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे क्रूर आक्रामकता बताया और संघर्ष तत्काल रोकने की मांग की। अहमद अबुल गैत ने कहा कि इस्राइली बल लेबनानी क्षेत्र में आगे बढ़े हैं। दक्षिणी गांवों और ऐतिहासिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया गया है। इसके साथ ही नागरिकों को निशाना बनाए जाने से बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ है। उनके अनुसार यह लेबनान की संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। अबुल गैत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से हस्तक्षेप कर इस्राइल की सैन्य कार्रवाई रुकवाने और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 को पूरी तरह लागू कराने की मांग की।

लेबनान में इस्राइल के जमीनी अभियान से बढ़ी चिंता जर्मनी ने भी दक्षिणी लेबनान में इस्राइल के जमीनी अभियान के विस्तार पर चिंता जताई है। जर्मन विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने कहा कि 'दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सेना की आगे बढ़त गंभीर चिंता का विषय है।' उन्होंने कहा कि किसी भी अतिरिक्त सैन्य बढ़ोतरी से पहले से तनावपूर्ण हालात और बिगड़ेंगे। इससे नए सिरे से विस्थापन की स्थिति पैदा होगी। ब्रिटेन के मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका मामलों के मंत्री हैमिश फाल्कनर ने भी कहा कि लेबनान में लगातार बढ़ता संघर्ष कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर कर रहा है और नागरिकों पर अस्वीकार्य प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कहा, 'हिजबुल्ला को इस्राइल पर हमले बंद करने चाहिए और निरस्त्रीकरण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। सभी पक्षों को युद्धविराम का पालन करना चाहिए और अमेरिका की अगुवाई वाली वार्ता जारी रखनी चाहिए। कतर ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप कर इस्राइल पर दबाव बनाने और अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। इसी बीच कतर के विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलअजीज बिन सालेह अल-खुलैफी और लेबनान के उपप्रधानमंत्री तारिक मित्री के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग और लेबनान की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

पीएम बालेन शाह के भारतीय जमीन पर कब्जे वाले बयान पर बढ़ा विवाद, नेपाल के विदेश मंत्रालय को देनी पड़ी सफाई

काठमांडू, एजेंसी। भारत-नेपाल सीमा विवाद को लेकर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के बयान पर उठे विवाद के बाद अब नेपाल के विदेश मंत्रालय को सफाई देनी पड़ी है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि प्रधानमंत्री के 'नेपाल द्वारा भारतीय जमीन पर अतिक्रमण' वाले बयान का मतलब सरकारी कब्जा नहीं, बल्कि सीमा के पास दोनों देशों के लोगों द्वारा जमीन के इस्तेमाल और नो-मैन्स लैंड से जुड़े मुद्दे थे। इस बयान के बाद नेपाल में राजनीतिक और कूटनीतिक बहस और तेज हो गई है।

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने संसद में कहा था कि उन्हें जानकारी मिली है कि सिर्फ भारत ने ही नेपाल की जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया, बल्कि नेपाल की तरफ से भी कई जगह भारतीय जमीन का इस्तेमाल हुआ है। उनके इस बयान पर नेपाल में भारी विवाद शुरू हो गया था। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री की टिप्पणी 'दसगजा' यानी नो-मैन्स लैंड और सीमा पार कब्जे से जुड़े मामलों को लेकर थी। मंत्रालय ने कहा कि इसे किसी सरकारी कब्जे के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

नेपाल के विदेश मंत्रालय ने सफाई में क्या कहा : नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और नेपाल की मौजूदा सीमा 1816 की सुगौली संधि पर आधारित है। मंत्रालय ने कहा कि लिपुलेख, लिम्पियाधुरा, कालापानी और सुस्ता जैसे कुछ क्षेत्र अब भी पूरी तरह सीमांकित नहीं हुए हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक दोनों देश इन मुद्दों को बातचीत और कूटनीतिक माध्यम से सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि कई सीमावर्ती इलाकों में दोनों देशों के लोगों द्वारा एक-दूसरे की जमीन का इस्तेमाल किया जाता रहा है।

दसगजा और सीमा पार कब्जे का क्या मतलब है : नेपाल सरकार ने कहा कि

'दसगजा' उन नो-मैन्स लैंड क्षेत्रों को कहा जाता है जो सीमा स्तंभों के बीच खाली छोड़े जाते हैं। कई जगह सीमा स्तंभ टूट गए या गायब हो गए हैं, जिसके कारण जमीन को लेकर भ्रम की स्थिति बनती रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कुछ मामलों में भारतीय सीमा के लोग नेपाली जमीन का इस्तेमाल करते हैं और कुछ मामलों में नेपाली लोग भारतीय जमीन का उपयोग करते हैं। प्रधानमंत्री का बयान इसी तरह के मामलों से जुड़ा था।

भारत-नेपाल के बीच विवाद किन इलाकों को लेकर है : भारत और नेपाल के बीच कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को लेकर लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है। भारत का कहना है कि ये इलाके उत्तराखंड का हिस्सा हैं। वहीं नेपाल इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है। हाल ही में कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर भी दोनों देशों के बीच बयानबाजी हुई थी। भारत ने नेपाल के दावों को 'एकतरफा कृत्रिम विस्तार' बताया था और कहा था कि ऐसे दावे स्वीकार नहीं किए जा सकते।

क्या दोनों देश बातचीत से समाधान चाहते हैं : नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों की तकनीकी टीमें लंबे समय से सीमा स्तंभों की मरम्मत, सीमा निर्धारण और जमीन के इस्तेमाल से जुड़े तथ्यों पर काम कर रही हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारत और नेपाल ऐतिहासिक दस्तावेजों, नक्शों और समझौतों के आधार पर विवाद सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेपाल ने साफ किया कि वह सीमा विवाद का समाधान शांति, संवाद और कूटनीतिक रास्ते से चाहता है।

नेपाल में बयान पर इतना विवाद क्यों हुआ : प्रधानमंत्री बालेन शाह के बयान के बाद नेपाल में राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी। कई लोगों ने सवाल उठाया कि क्या नेपाल ने आधिकारिक तौर पर कभी भारतीय जमीन पर कब्जा स्वीकार किया है। मीडिया और विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगा। इसी दबाव के बाद विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर पूरे मामले को स्पष्ट करने की कोशिश की।

Printed, Published and Owned by SARABJIT MAKAN and Printed by ILEVAN HASMUKHRAI THAKAR Printed at Jay Graphics & Printers, C/15, Vikram Chambers, Ashram Road, Ahmedabad - 380009. and published from F/1 first floor, rajas apartment, near old railway crossing, maninagar east maninagar, Ahmedabad, Gujarat-380008. Editor SARABJIT MAKAN, Mo.: 9638877700, 9662420070.